रोहतक
सोमवार, 20 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 261
पृष्ठ 16 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 33.7
न्यून. 16.0

# हरिभूमि

शुभ दीपावली

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






## शुभकामनाएं

दीपावली के अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और वितरक बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 20 अक्टूबर सोमवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। आगामी अंक 22 अक्टूबर बुधवार को आपके हाथों में होगा। – संपादक

## खबर संक्षेप


### पीएम मोदी नौसैनिकों के साथ मनाएंगे दिवाली



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी अपनी दिवाली हर साल देश के जवानों के साथ मनाते रहे हैं। इस बार वे दिवाली नौसेना के जवानों के साथ मना सकते हैं। पीएम मोदी सोमवार को गोवा जा सकते हैं, जहां पर वे आईएनएस विक्रांत पर तैनात नेवी के जवानों के साथ देश का सबसे बड़ा सांस्कृतिक त्योहार मनाएंगे। *एजेंसी*

### लद्दाख के प्रतिनिधि गृह मंत्रालय के साथ करेंगे वार्ता

**लेह।** लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे लकरुक ने रविवार को कहा कि लद्दाख के प्रतिनिधियों ने 22 अक्टूबर को दिल्ली में उप-समिति के साथ बैठक के लिए गृह मंत्रालय का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। इससे केंद्र के साथ बातचीत को लेकर जारी गतिरोध समाप्त हो गया है। लकरुक ने बताया कि एलएबी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के तीन-तीन प्रतिनिधि, लद्दाख के सांसद मोहम्मद हनीफा जान और उनके वकील वार्ता में हिस्सा लेंगे। *एजेंसी*



दीपों की रोशनी में नहाई राम नगरी

# दिवाली पर हर घर जगमग, अयोध्या में बना दीपोत्सव का विश्व रिकॉर्ड

दीपोत्सव के दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े

*सरयू नदी के तट पर दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बने, **पहला**-26 लाख 17 हजार 215 दीपक एक साथ जलाए गए और **दूसरा**- सरयू तट पर 2128 अर्चक महाआरती की गई, इसके अलावा 22 झांकियां निकाली*

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में रविवार को 9वां दीपोत्सव मनाया गया। सीएम योगी ने राम मंदिर में दीप जलाए। इसके बाद दीपोत्सव की शुरुआत की। इसी के साथ राम की पैड़ी पर दीपक जलाए गए। इस दौरान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अयोध्या के नाम 2 रिकॉर्ड बने। पहला- 26 लाख 17 हजार 215 दीपक एक साथ जलाए गए। दूसरा- सरयू तट पर 2128 अर्चक सरयू की महाआरती की गई। ड्रोन से दीपों की काउंटिंग हुई। जबकि राम की पैड़ी पर लेजर लाइट शो किया गया। 1100 ड्रोन से विशेष शो किया गया।

**अयोध्या में भारी भीड़**
- सीएम योगी ने श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण का किया स्वागत
- 1100 ड्रोन से विशेष शो का आयोजन किया गया



### ये नए भारत का प्रतीक : योगी

सीएम योगी ने कहा- आज अयोध्या में आपकी आस्था भव्य राम मंदिर के रूप में हैं। ये नए भारत का प्रतीक है। एक भारत और श्रेष्ठ भारत का प्रतीक है। भारत एक रहेगा तो श्रेष्ठ रहेगा। भारत एक रहेगा तो कोई आस्था को अपमानित नहीं कर पाएगा। भारत एक रहेगा तो दीपोत्सव का ये आनंद हर पर्व और त्योहार में इसी उत्साह और उमंग के साथ आयोजित करने का अवसर प्राप्त होता रहेगा।

### दिवाली के दिन ये भी खास

- **हिंदू धर्म :** रावण को हराने के बाद राम (सीता, लक्ष्मण और हनुमान के साथ) अयोध्या लौटे।
- सोमवार को प्रदोष काल का भी बहुत ही उत्तम योग।
- माता लक्ष्मी, भगवान गणेश एवं कुबेर सहित दीपावली पूजन का श्रेष्ठ विधान।
- **जैन धर्म :** यह त्योहार ज्ञान और मुक्ति (मोक्ष) की प्राप्ति का स्मरण कराता है। इस दिन तीर्थंकर महावीर, जैन जीवन और मृत्यु (संसार) के चक्र से निकले थे।
- **सिख धर्म :** गुरु हरगोबिंद का ग्वालियर की कैद से अमृतसर लौटना भी राम के अयोध्या लौटने की प्रतिध्वनि है। अमृतसर के निवासी इस अवसर का जश्न मनाने के लिए पूरे शहर में दीप जलाते हैं।
- **बौद्ध धर्म :** दिवाली कुछ बौद्धों द्वारा उस दिन की स्मृति के रूप में मनाई जाती है जब सम्राट तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में अशोक ने बौद्ध धर्म अपना लिया था।
- **आर्य समाज :** स्वामी दयानंद सरस्वती का निर्वाण दिवस भी दीपावली के दिन ही मनाया जाता है।

## हरियाणा में दीपावली से पहले हवा हुई जहरीली

**गुरुग्राम में सबसे ज्यादा प्रदूषण, यमुनानगर में कम, 7 शहरों का तापमान 18 डिग्री से नीचे**

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा में दिवाली पर्व से पहले फिर प्रदूषण बढ़ने लगा है। सुबह के समय हरियाणा एनसीआर में स्मॉग की हल्की चादर छाने लगी है। शनिवार को गुरुग्राम के सेक्टर 51 में एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 500 तक पहुंच गया। हालांकि गुरुग्राम का औसत एक्यूआई 258 रहा। गुरुग्राम हरियाणा के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक रहा। इसके अलावा बहादुरगढ़ और नारनौल में भी हवा की गुणवत्ता खराब क्षेणी में रही। वहीं उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से हरियाणा में रात का तापमान लगातार गिर रहा है। सुबह के समय ठंडक महसूस हो रही है। हालांकि अभी दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है। राज्य में नारनौल में न्यूनतम तापमान सबसे कम तापमान 16.0 डिग्री रहा।

रिटायर फौजी ने स्टोर में आकर की फायरिंग

## करनाल के युवक की अमेरिका में गोली मारकर हत्या, आरोपी ने भी की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल के एक युवक की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक पर एक रिटायर्ड फौजी ने एक डिपार्टमेंटल स्टोर में फायरिंग की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि फायरिंग के बाद आरोपी फौजी ने भी खुद को गोली मार ली। यह वारदात अमेरिका के पोर्टलैंड-वाशिंगटन बॉर्डर के पास हुई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय प्रदीप के रूप में हुई है, जो करनाल के हथलाना गांव का रहने वाला था। परिवार के मुताबिक, प्रदीप करीब डेढ़ साल पहले अमेरिका गया था। उसे वहां तक पहुंचने में 8 महीने लग गए थे। वह डिपार्टमेंटल स्टोर पर काम कर रहा था और तीन-चार दिन पहले ही घर पर बात कर बताया था कि सब ठीक चल रहा है। उसने कहा था कि उसे काम मिल गया है और वह जल्द ही कर्ज उतार देगा।



कर्ज लेकर विदेश गया, इकलौता बेटा था

अगले पांच वर्षों में 75 हजार नई सीटें बढ़ाने की योजना

## देश में मेडिकल शिक्षा का विस्तार, एनएमसी ने 10,650 एमबीबीएस सीटों को दी मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


**एनएमसी ने दी 41 नए कॉलेज और 10,650 सीटों को हरी झंडी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस 2024 के संकल्प के अनुसार, अगले पांच वर्षों में 75,000 नई मेडिकल सीटें बढ़ाने की योजना है। इसी दिशा में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए 10,650 नई एमबीबीएस सीटों को मंजूरी दी है। इस कदम का उद्देश्य देश में मेडिकल शिक्षा की पहुंच बढ़ाना और डॉक्टरों की संख्या में सुधार करना है, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर और अधिक उपलब्ध हों। 41 नए मेडिकल कॉलेजों के जुड़ने से देश में मेडिकल संस्थानों की कुल संख्या 816 हो गई है। एनएमसी प्रमुख डॉ. अभिजात शेठ के अनुसार, स्नातक सीटों के विस्तार के लिए प्राप्त 170 आवेदनों में से, जिनमें 41 सरकारी कॉलेजों से और 129 निजी संस्थानों से हैं, कुल 10,650 एमबीबीएस सीटों को मंजूरी दी गई है।

**इसरो को मिली बड़ी सफलता, 22 जुलाई 2019 को गए चंद्रयान मिशन ने एक बार फिर इतिहास रचा**

जब सूर्य का विशाल तूफान चंद्रमा से टकराया तो उसका वातावरण फूल गया

## पहली बार दर्ज किया गया सौर विस्फोट का चंद्रमा पर प्रभाव




एजेंसी ⏭ चेन्नई

चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर उतरकर इतिहास रचने वाले चंद्रयान-2 ने एक बार फिर नई जानकारी जुटाई है। सूर्य के चांद पर पड़ने वाले असर का चंद्रयान-2 ने पता लगाया है। इसरो ने इसकी जानकारी साझा की है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इस अवलोकन से चंद्रमा के बाह्यमंडल, चंद्रमा के अत्यंत विरल वायुमंडल और उसकी सतह पर अंतरिक्ष मौसम के प्रभाव को समझने में मदद मिलेगी। इसरो ने बताया कि भारत के महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-2 के लूनर ऑर्बिटर ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी और पहली बार देखी गई घटना दर्ज की है। चंद्रयान-2 पर लगे वैज्ञानिक उपकरण चेस-2 ने सूर्य से निकलने वाले कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के प्रभावों को चंद्रमा के बाह्यमंडल यानी उसके बेहद पतले वायुमंडल पर सीधे देखा है। चंद्रयान-2 के अवलोकनों से पता चला है कि जब सूर्य का यह विशाल तूफान चंद्रमा से टकराया, तो चंद्रमा के दिन के समय के बाह्यमंडल का कुल दबाव अचानक बढ़ गया।

### यह भविष्य के चंद्र आवासों के लिए चेतावनी



इसरो ने कहा कि इस अवलोकन से चंद्रमा के अत्यंत पतले वायुमंडल (लूनर एक्सोस्फीयर) की बेहतर समझ और अंतरिक्षीय मौसम के चंद्र सतह पर प्रभाव का अध्ययन संभव हो सकेगा। चंद्रयान-2 मिशन को 22 जुलाई 2019 को श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी-एमके3-एम1 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया था। यह मिशन आठ वैज्ञानिक उपकरणों के साथ गया था और 20 अगस्त 2019 को यह सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया था। हालांकि 7 सितंबर 2019 को विक्रम लैंडर से संपर्क टूट गया था। लेकिन ऑर्बिटर निरंतर वैज्ञानिक डेटा भेज रहा है। खोज वैज्ञानिक दृष्टिकोण से चंद्रमा और अंतरिक्ष मौसम की समझ को आगे बढ़ाने के साथ-साथ भविष्य में चंद्रमा पर बनने वाले बेस के लिए भी चेतावनी है।

'आर्य युग विषय कोष विश्वकोश' के विमोचन कार्यक्रम में बोले आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत

गुलाम मानसिकता की जड़ मैकाले ज्ञान प्रणाली

## हमारे पूर्वजों ने दुनिया को विज्ञान व संस्कृति सिखाई, उन्होंने न किसी का धर्मांतरण किया और न ही किसी पर विजय प्राप्त की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि प्राचीन काल में भारत के लोग संस्कृति और विज्ञान का प्रचार प्रसार करने के लिए दुनिया भर में घूमे हैं। भारत दुनिया भर में अपनी संस्कृति और विज्ञान के लिए जाना गया है, लेकिन कभी किसी पर न तो आक्रमण किया और न ही धर्मांतरण कराने में लिप्त हुए। डॉ. भागवत ने यह बात 'आर्य युग विषय कोष विश्वकोश' के विमोचन पर कही। डॉ. भागवत ने कहा कि कई आक्रमणकारियों ने भारत को लूटा और दास बनाया। आक्रमण करने वाले अंतिम आक्रमणकारियों (अंग्रेजों ने) ने हमारे मन को लूटा। जिससे हम अपनी ताकत और दुनिया के साथ साझा करने की क्षमता भूल गए। उन्होंने कहा कि हम सद्भावना और एकता का संदेश लेकर गए। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज मेक्सिको से साइबेरिया तक गए और दुनिया को विज्ञान व संस्कृति सिखाई। उन्होंने न किसी का धर्मांतरण किया और न ही किसी पर विजय प्राप्त की।



### हम अपनी ताकत ही भूल गए

उन्होंने कहा कि हम अपनी ताकत ही भूल गए और यह भी भूल गए कि हम दुनिया के साथ क्या साझा कर सकते हैं। डॉ. भागवत ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान अभी भी फल-फूल रहा है और आर्यव्रत के वंशज होने के नाते हमारे पास विज्ञान, हथियार, शक्ति, सामर्थ्य, विश्वास और ज्ञान है। डॉ. भागवत ने कहा कि हमारी शिक्षा भारतीय पद्धति से नहीं हुई। हमें मैकाले ज्ञान से पद्धति से शिक्षा मिली है। इसी वजह से हम भारतीय हैं, लेकिन मन और बुद्धि से हम विदेशी बन गए। अब हमें उस विदेशी प्रभाव से खुद को पूरी तरह मुक्त करना होगा।

### मन और बुद्धि से हम विदेशी बन गए

डॉ. भागवत ने कहा कि मैकाले ज्ञान प्रणाली ब्रिटिश राज के समय भारत में लाई गई। इसकी शुरुआत अंग्रेजों ने 1835 में की ताकि भारतीयों को अपनी संस्कृति और ज्ञान से दूर करके अंग्रेजों जैसा सोचने वाला बनाया जा सके। मैकाले ने क्या बदलाव किया 1800 के दशक में थामस बबिंगटन मैकाले नाम के ब्रिटिश अधिकारी ने रिपोर्ट तैयार की, जिसमें कहा गया कि भारत के संस्कृत, फारसी, गुरुकुल प्रणाली में ज्ञान न के बराबर है। 1835 में अंग्रेजी शिक्षा अधिनियम के जरिए भारत में स्कूल-कालेजों का चलन शुरू किया गया औरअंग्रेजी को मुख्य भाषा बना दिया गया। भारतीय शिक्षा प्रणाली को हुआ नुकसान भारतीय भाषाओं और पारंपरिक ज्ञान को दरकिनार किया गया। इससे पीढ़ियां अपनी जड़ों और संस्कृति से कट गईं। अंग्रेजी पर जोर देने से केवल धनाढ्य वर्ग को फायदा हुआ। गरीब और ग्रामीण बच्चे शिक्षा से वंचित रह गए। इससे समाज में असमानता बढ़ी। रचनात्मकता और गहराई के बजाए रटने और नौकरी केंद्रित शिक्षा को बढ़ावा मिला।

खबर संक्षेप

## राज्यपाल ने दी दिवाली की शुभकामनाएं

**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने दिवाली की पूर्व संध्या पर हरियाणा और देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।अपने संदेश में घोष ने कहा कि दिवाली के पावन अवसर पर, मैं हरियाणा और पूरे देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। प्रकाश का यह पर्व सभी के जीवन को साहस, उत्साह, बुद्धिमत्ता और उत्तम स्वास्थ्य से आलोकित करे। उन्होंने कहा कि जैसा कि राष्ट्र अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव मना रहा है, आइए हम भारत को सद्भाव, समावेशिता और करुणा पर आधारित भविष्य की ओर ले जाने के लिए और अधिक प्रयास करें।

## गन्ना किसानों को दिवाली गिफ्ट, समर्थन मूल्य बढ़ा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीपावली के पावन अवसर पर गन्ना किसानों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए गन्ने के समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा की है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के तहत हरियाणा सरकार ने देश में सबसे अधिक गन्ना मूल्य प्रदान करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। अगेती किस्म के गन्ने का रेट 400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 415 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। वहीं पछेती किस्म का रेट 393 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 408 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है।

## जीआपी ने बच्चों को बांटी मिठाई व खिलौने

**चंडीगढ़।** धनतेरस के शुभ अवसर पर एसपी जीआपी नीतिका गहलोत ने नारायणगढ़ में अपनी टीम के साथ दो अनाथालयों का दौरा किया और वहां रह रहे बच्चों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। पुलिस टीम ने बच्चों को मिठाइयां और खिलौने वितरित किए, जिससे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उल्लास झलक उठा।नीतिका गहलोत ने कहा कि यह पहल समाज में संवेदना और जुड़ाव की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है।

## शराब तस्करी का आरोपी गिरफ्तार, केस

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने अवैध शराब तस्करी में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 अक्टूबर को क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नूर आलम निवासी एसी नगर फरीदाबाद को काबू किया था। आरोपी ने एसी नगर में एक कमरा किराये पर लेकर शराब को रख रखा था। मौके से 18 पेटी देसी शराब व 6 पेटी बीयर बरामद हुई है। जिनके खिलाफ पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## प्रॉपर्टी डीलर आत्महत्या मामले में परिवार का थाने के बाहर धरना

**फरीदाबाद।** प्रापर्टी डीलर राजकुमार चौधरी द्वारा पार्टनरों की यातनाओं से तंग आकर की गई आत्महत्या मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से गुस्साए मृतक के परिजनों ने रविवार को सेक्टर-58 पुलिस थाने के समक्ष धरना शुरु कर दिया। धरने पर पहुंचे पूर्व पार्षद एवं कांग्रेसी नेता जगन डागर ने प्रशासन व सरकार की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि इस सरकार में आम गरीब की कोई सुनवाई नहीं है, जबकि ठगों का बोलबाला है, जो लोगों के खून-पसीने की कमाई को हड़पने में लगे हुए है। श्री डागर ने कहा कि एक सज्जन आदमी को एक ठग ने न केवल लूट लिया बल्कि इतना विवश कर दिया कि वह आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर हो गया और हैरानी की बात तो यह है कि गनमैन होने के बावजूद वह एकाएक गायब हो गया, पता नहीं उसे जमीन निगल गई या आसमान। उन्होंने कहा कि इस सरकार में जब आईपीएस अधिकारी व एएसआई जैसे लोग आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे है तो इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार पर अफसरशाही किस कद्र हावी है। उन्होंने कहा कि आरोपी ने न केवल मृतक राजकुमार चौधरी का रुपया हड़पा बल्कि अनेकों लोगों की भी खून पसीने की कमाई डकारी है, लेकिन प्रशासन कार्रवाई करने की बजाए पंगु बना हुआ है।

### दीपावली पर मुख्यमंत्री से हरियाणा मूल के युवा अधिकारियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार भेंट की

# युवाओं ने देशभर में अपने परिश्रम और ईमानदारी से राज्य का नाम रोशन किया

मुख्यमंत्री ने 11 साल की उपलब्धियों को अफसरों के साथ साझा किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

दीपावली पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से रविवार को चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर देश की विभिन्न सेवाओं में कार्यरत हरियाणा मूल के युवा अधिकारियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार भेंट की है। अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने मुख्यमंत्री को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और राज्य के सतत विकास एवं सुशासन की दिशा में उनके नेतृत्व की सराहना की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी को दीपावली की मंगल कामना देते हुए कहा कि यह पर्व प्रकाश, सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

राज्य व राष्ट्र के विकास पर किया मंथन

उन्होंने उपस्थित युवाओं से देश और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के युवाओं ने देशभर में अपने परिश्रम और ईमानदारी से राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में पारदर्शिता, समर्पण और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रेरणा दी। बैठक के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में राज्य और राष्ट्र के विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई।



## ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासन को पारदर्शी जवाबदेह और सर्व सुलभ बनाया : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 का संकल्प देश के युवाओं के समक्ष रखा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आप सभी युवा अधिकारी जिस भी क्षेत्र में कार्यरत हैं, राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत को अपनाकर इस संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने पिछले 11 वर्षों में हरियाणा की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य ने विकास और सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासन को पारदर्शी, जवाबदेह और सुलभ बनाया गया है। इसके साथ ही बिना पर्ची, बिना खर्ची की नीति के तहत युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां देकर उनके सपनों को साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं। इस मुलाकात ने युवा अधिकारियों में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया, जिससे वे हरियाणा और देश की प्रगति में और अधिक योगदान देने के लिए प्रेरित हुए।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, विश्वकर्मा दिवस एवं भाई दूज दी बधाई

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी नागरिकों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, विश्वकर्मा दिवस और भाई दूज के पावन पर्वों के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही, उन्होंने हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों के सहयोग और विश्वास के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया है। नायब सिंह सैनी ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली का पवित्र त्योहार प्रकाश, समृद्धि और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारे त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान है। ये हमें एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सहयोग और एकता की भावना को और मजबूत करने की प्रेरणा देते है। गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व की याद दिलाती है।

### विश्वकर्मा दिवस श्रमिकों के अमूल्य योगदान को सम्मान देने का अवसर

विश्वकर्मा दिवस हमारे कारीगरों, शिल्पकारों और श्रमिकों के अमूल्य योगदान को सम्मान देने का अवसर है, जो प्रदेश की प्रगति की नींव हैं। भाई दूज का पर्व भाई-बहन के अटूट रिश्ते को और सुदृढ़ करता है, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत का गौरव है। किसानों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए शुरू की गई योजनाओं ने लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धियां प्रदेशवासियों के अटूट समर्थन का परिणाम है।

## बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही सरकार : गंगवा

**चंडीगढ़।** लोक निर्माण तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, विश्वकर्मा दिवस और भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। गंगवा ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली का यह पावन पर्व अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य और नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर बढ़ने का प्रतीक है। यह त्योहार हमें समाज में एकता, प्रेम और सेवा भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल दीयों की रोशनी का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आशा का उत्सव है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जब मन में विश्वास और नीयत में अच्छाई हो, तो हर अंधकार मिट सकता है।



## दिवाली पर स्वदेशी अपनाने का संकल्प लें : बड़ौली

चंडीगढ़। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली रविवार को सोनीपत के वार्ड नंबर 9 में भाजपा नेता मोनू राठधना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यहां उन्होंने गरीब और जरूरतमंद परिवारों को गैस चूल्हे वितरित किए और मिठाईयां बांटी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गरीब परिवारों की मदद करने की इस पहल की सराहना की। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने प्रदेशवासियों से स्वदेशी वस्तुओं के साथ दिवाली मनाने की अपील की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि नवरात्रि की पूर्व संध्या पर मोदी सरकार ने जीएसटी में बड़े सुधार कर दिवाली का तोहफा दिया। जीएसटी स्लैब में दरें कम होने का हर नागरिकों को लाभ मिल रहा है।

### एडीजीपी पूरन कुमार सुसाइड मामले में अहम खुलासा

# वकीलों के संपर्क में थे आईपीएस, दो के साथ फोन पर लंबी बातचीत, मामले की कड़ियां जोड़ रही एसआईटी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में गत दिनों दो कथित आत्महत्या हुईं, जिसमें एक आईपीएस वाई पूरन कुमार और दूसरी एएसआई संदीप कुमार का मामला है। दोनों घटनाओं ने पुलिस और प्रशासन को झकझोर कर रख दिया है। अब तक जांच में सामने आया है कि सुसाइड से पहले एडीजीपी वाई पूरन कुमार ने दो वकीलों से फोन कर लंबी बतचीत की थी, जांच टीम ने इनके नामों का खुलासा नहीं किया है। परिवार ने आईपीएस अधिकारी का लैपटॉप और डिजिटल बुक जांच कर रही एसआईटी को सौंप दिया है। आईपीएस जहां आठ पेज का एक सुसाइड नोट छोड़ गए, जिसमें उन्होंने हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर और पूर्व में एसपी रोहतक रहे नरेंद्र बिजरानिया सहित 9 सर्विस वाले आईपीएस अफसरों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके अलावा रोहतक में एएसआई संदीप लाठर ने हाथ से लिखा हुआ फाइनल नोट छोड़ा और उन्होंने पूर्व एसपी बिजरानिया और डीजीपी शत्रुजीत का बचाव करते हुए इन्हें ईमानदार अफसर बताया साथ ही दिवंगत वाई पूर्ण कुमार और उनकी पत्नी पर गंभीर आरोप भी लगाए।

## कोर्ट के आदेश पर परिवार ने लैपटॉप पुलिस को सौंपा

चंडीगढ़ कोर्ट के आदेश पर परिवार ने पूरन कुमार का लैपटॉप और एप्पल मैकबुक एसआईटी को सौंप दिया है। एक दिन पहले शुक्रवार को कोर्ट ने एसआईटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए परिवार को दोनों चीजें सौंपने का आदेश भी दिया था। परिवार ने पूर्ण कुमार का लैपटॉप और एप्पल मैकबुक एसआईटी को सौंप दिया। शुक्रवार को कोर्ट ने एसआईटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए परिवार को दोनों चीजें सौंपने का आदेश दिया था।

### डाटा रिकवर करने में जुटी एसआईटी

एसआईटी चंडीगढ़ आईपीएस वाई पूर्ण कुमार के मोबाइल का पूरे डेटा रिकवरी कर रही है। उनके दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। जिनको फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। जांच टीम ने घटना स्थल से एक 9 एमएम पिस्टल और एक चला कारतूस बरामद कर लिया था। जिसके बाद में दोनों को बैलिस्टिक जांच के लिए भेज दिया गया था। मोबाइल का कुछ डेटा रिकवरी का काम हो चुका है। इसको लेकर पुलिस अलग बिंदुओं पर पुलिस की जांच जारी है।

### कई अहम सवालों के जवाब तलाश रहे अधिकारी

*सूत्रों ने खुलासा किया है कि एडीजीपी की मौत की शुरुआती जानकारी चंडीगढ़ पुलिस को हरियाणा पुलिस ने दी थी। सूत्रों अनुसार, घटना के बाद, वाई पूरन कुमार की पत्नी अमनीत ने कथित तौर पर उनके फोन पर कई बार कॉल किए, लेकिन ना तो उन्होंने और ना परिवार के किसी अन्य सदस्य ने जवाब दिया। एसआईटी जांच कर रही है कि अमनीत को उनके पति की मौत की जानकारी सबसे पहले किसने दी।पूरन कुमार के कॉल डिटेल रिकॉर्ड सिल कर लिए गए हैं, जिनसे पता चलता है कि आत्महत्या से एक दिन पहले उन्होंने कुछ वकीलों से लंबी बात की थी इन वकीलों के नाम सार्वजनिक नहीं किए हैं। एसआईटी जांच कर रही है कि क्या ये बातचीत रोहतक में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर से संबंधित थी। इसके बाद में पूर्ण कुमार के गनमैन सुशील को रोहतक पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अब तक एसआईटी ने सुशील कुमार से पूछताछ की है, जो रोहतक जेल में बंद है।*

## मेरी फसल,मेरा ब्योरा पोर्टल पर फर्जीवाड़ा हजारों किसानों के नाम पर ठगी : सैलजा

चंडीगढ़। सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा में सरकार के डिजिटल सिस्टम की एक बार फिर पोल खुल गई है। भिवानी जिले में मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर साइबर ठगों ने घुसपैठ कर करीब 7,780 किसानों की 1,50,000 एकड़ से अधिक भूमि के फसल खराबे को अपने नाम पर दर्ज कर लिया। सिरसा जिले में भी 39,000 एकड़ बाजरे का फर्जी पंजीकरण किया गया, जबकि वास्तविकता में खेतों में फसल तक मौजूद नहीं थी। इस फर्जीवाड़े के जरिये बोनस और मुआवजे के करोड़ों रुपये का दुरुपयोग किया गया। सैलजा ने कहा कि किसानों की मदद के लिए शुरू की गई 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' और 'भावांतर भुगतान योजना' अब भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े का अड्डा बन चुकी हैं। सांसद ने सरकार से तत्काल जांच, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई और किसानों को नुकसान की भरपाई की मांग की।सांसद सैलजा ने कहा कि भिवानी और सिरसा जिलों में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर हुए बड़े फर्जीवाड़े ने भाजपा सरकार की डिजिटल लापरवाही और भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है।



## चीनी मिलों में लगेंगी आधुनिक मशीनें : राणा

चंडीगढ़। हरियाणा में सहकारी चीनी मिलों में आधुनिक मशीनें लगाकर गन्ने से रिकवरी बढ़ाई जाएगी और घाटे को कम किया जा सकेगा।कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने गन्ना नियंत्रण बोर्ड की बैठक में अधिकारियों को बैठक के दौरान कहा कि पैदावार को बढ़ाने के लिए किसानों को गन्ने की बुआई के लिए नई तकनीक का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाए। सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक से जुड़े हुए थे। बैठक में कई अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## मिस्ड कॉल से शुरू हुई सामाजिक मुहिम, डीजीपी ने एक परिवार से फोन के दुष्प्रभावों पर की चर्चा

चंडीगढ़। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओपी सिंह ने हाल ही में एक ऐसा उदाहरण पेश किया है, जिसने पुलिस प्रशासन की पारंपरिक छवि को संवेदनशीलता और मानवीय जुड़ाव के नए रंग में रंग दिया है। देर रात एक अज्ञात नंबर से आई मिस्ड कॉल पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने स्वयं उस नंबर पर कॉल की और सामने वाले व्यक्ति की कुशलक्षेम पूछी। बातचीत में पता चला कि कॉल गलती से एक छोटे बच्चे द्वारा की गई थी। लेकिन इस मामूली घटना को डीजीपी सिंह ने एक बड़े सामाजिक संदेश में बदल दिया। उन्होंने अवसर का लाभ उठाते हुए अभिभावकों से बच्चों के मोबाइल फ़ोन के अत्यधिक उपयोग और उससे जुड़ी मानसिक व शारीरिक हानियों पर चर्चा की। उन्होंने बच्चों के मस्तिष्क पर स्क्रीन टाइम के नकारात्मक प्रभावों को दर्शाने वाला एक महत्वपूर्ण वीडियो भी साझा किया। साथ ही, वीडियो का सरल हिंदी सारांश भेजकर यह सुनिश्चित किया कि समाज के हर वर्ग को यह जानकारी सहजता से समझ में आ सके।डीजीपी सिंह ने इस घटना को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा करते हुए प्रदेश के सभी माता-पिता से अपील की—"अपने बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रखिए, उन्हें प्रकृति और खेल-कूद से जोड़िए।"







**सख्त कार्रवाई : शराब बांटने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

# एक दूसरे को शराब व मिठाई बांटते दिखे पुलिस वाले

## एसपी ने दादरी सिटी पुलिस थाना प्रभारी को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

दादरी के सिटी थाना एसएचओ सन्नी पर दीपावली पर गिफ्ट के तौर पर शराब की बोतल बांटना भारी पड़ गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। दादरी सिटी थाना प्रभारी सन्नी का लघु सचिवालय में दिवाली पर गिफ्ट के तौर पर शराब की बोतले गाड़ी में रखते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। यह वीडियो अधिवक्ता संजीव तक्षक ने रिकार्ड किया था। जिसके बाद यह तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो में सिटी थाना प्रभारी सन्नी कुमार एक गाड़ी से दूसरी गाड़ी में शराब की बोतल रखते दिखाई दे रहे थे।



### नशा मुक्त जिला घोषित

ज्ञात रहे कि दादरी जिले में लंबे समय से नशा मुख्य बनाने की कवायद चली थी। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा अपने खुद ऐसा अभियान की कमाल संभाल थी। जिले में प्रत्येक गांव में नशा मुक्त का अभियान भी चला था और लोगों को प्रेरित किया गया। सैकड़ों गांवों में नशा मुक्के साइन बोर्ड भी लगाए गए। डीजीपी ने दादरी को प्रदेश का पहला नशा मुक्त जिला भी घोषित कर दिया था। जिसके बाद पुलिस ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं।

### होगी विभागीय जांच

एसएचओ सन्नी कुमार को सस्पेंड किया गया है। उनके साथ जो भी पुलिसकर्मी दिखाई दे रहे हैं उनकी भी जांच होगी। मामले की विभाग जांच करवाई जाएगी।

-अर्श वर्मा, पुलिस अधीक्षक

### एसपी के पास वीडियो पहुंचने पर की कार्रवाई

यह वीडियो जैसे ही एसपी अर्श वर्मा के पास पहुंचा, उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए एसएचओ सन्नी कुमार को सस्पेंड कर दिया। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि इस वीडियो में एसएचओ सहित कुछ पुलिस कर्मचारी वर्दी में और कुछ लोग सामान्य कपड़ों में दिखाई दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने मामले में विभागीय जांच खोल दी है और जांच कमेटी लगाई गई। मामले में अन्य पुलिस कर्मचारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। एसपी ने चेतावनी दी है, जो भी दोषी मिलेगा उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## गुरुग्रामः झगड़ा करने पर पांच विदेशी सहित सात लोग गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सदर थाना एरिया में बिना सी फार्म भरे होटल में नाईजीरियन ठहराने व झगड़ा करने पर पुलिस ने पांच विदेशी सहित होटल मालिक व मैनेजर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक महिला विदेशी नागरिक भी शामिल है। विदेशी नागरिकों को कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## बैंक कर्मी बनकर युवक को लगाई तीन लाख की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाज ने बैंक कर्मी बनकर एक युवक को तीन लाख रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के बूंदी निवासी पुरुषोत्तम मीणा ने बताया कि वह मानेसर क्षेत्र में एनबीआरसी में काम करता है। 8 अक्टूबर को मोबाइल पर अनजान कॉल आई थी।






# अवैध पटाखे व विस्फोटक सामग्री पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

दीपावली से पहले सीआईए ने मोहल्ला खड़खड़ी स्थित एक निर्माणाधीन मकान में छापा मारकर अवैध पटाखे व विस्फोटक सामग्री पकड़ी है। मोहल्ला खड़खड़ी निवासी रमन चौहान अपने निर्माणाधीन मकान में अवैध रूप से पटाखों की बिक्री कर रहा है। सूचना सही मानकर पुलिस ने तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार की और बताए स्थान पर पहुंची। तलाशी के दौरान कमरे से तीन कार्टन व दो सफेद प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए। जिनमें बड़ी मात्रा में पटाखे व विस्फोटक सामग्री भरी थी।



## अवैध पटाखों सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** भाड़ावास गेट चौकी पुलिस ने अवैध रूप से पटाखे बेचने पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहल्ला स्वामीवाड़ा निवासी जितेन्द्र व मोहल्ला बल्लूवाड़ा निवासी चिराग के रूप में हुई हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 12 कार्टून अवैध विस्फोटक पटाखे बरामद किए है।

## डंपर में आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**नारनौल।** नेशनल हाईवे -148 बी पर गांव मंढाणा के पास रविवार सुबह चलते डंपर में अचानक आग लग गई। जानकारी के अनुसार डंपर में वायरिंग में आई खराबी के चलते कैबिन में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी की वजह से आग लगी। इससे कैबिन पूरा जल गया। सड़क पर तेज धुएं का गुबार उठते ही आसपास के वाहन चालकों में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तथा पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने तुरंत राहत व बचाव कार्य शुरू किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगते ही ड्राइवर व खलासी कूद गए।







Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75002. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The Instant Cashback offers from HDFC Bank and IDFC Bank are valid until 31st October 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 7404533495; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 7056259000; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9253388773; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

# एआई की वजह से एचडीएफसी बैंक कोई छंटनी नहीं करेगा : सीईओ

## बैंक के सीईओ जगदीशन ने कहा, बैंक में सितंबर तक 2.20 लाख कर्मचारी थे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक को नहीं लगता कि कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से किसी कर्मचारी की छंटनी होगी। बैंक के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही है। एचडीएफसी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक शशिधर जगदीशन ने शनिवार को कहा कि बैंक में सितंबर तक 2.20 लाख कर्मचारी थे।

बैंक जनरेटिव एआई सहित प्रौद्योगिकियों में कुछ प्रयोग कर रहा है, जिसका लाभ अगले 18-24 महीनों में मिलेगा। उन्होंने कहा, ''सच कहूं तो, एआई के कारण कम से कम हमारे बैंक में किसी भी तरह की छंटनी नहीं होने वाली है। क्योंकि मैं इसे लोगों को 'बैकएंड' से 'फ्रंटएंड' या 'टेक्नोलॉजी एंड' पर ले जाने के एक बड़े अवसर के रूप में देखता हूं।''

### सामान्य छंटनी ही की जाएगी

जगदीशन ने नौकरियों पर एआई के प्रभाव को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने बताया, ''यह केवल हमारे कर्मचारियों की नियुक्ति के स्वरूप को बदलेगा। लेकिन, इससे कर्मचारियों की संख्या में कोई कमी नहीं आएगी, सिवाय सामान्य छंटनी के, जो हमारे यहां होती है।''



### 15 वर्षों में पहली बार कर्मचारी नहीं बढ़ाए गए

सीईओ ने यह टिप्पणी विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियों पर एआई के प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच की है। बैंकिंग क्षेत्र में भी, एक प्रमुख दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र के दिग्गज ऋणदाता के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने हाल ही में टिप्पणी की थी कि उन्होंने व्यावसायिक वृद्धि के बावजूद 15 वर्षों में पहली बार कर्मचारियों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं की है।

### पिछले छह माह में पांच हजार कर्मियों को जोड़ा

जगदीशन ने अगले तीन साल में एआई के कारण कर्मचारियों की संख्या में 10 प्रतिशत की कमी की ओर इशारा किया था। पिछले छह महीनों में, एचडीएफसी बैंक ने लगभग 5,000 कर्मचारियों को जोड़ा है, जिससे सितंबर के अंत तक उसके कर्मचारियों की कुल संख्या 2.20 लाख से अधिक हो गई है।

## खबर संक्षेप



### सिएट के शुद्ध लाभ में 54 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** टायर बनाने वाली कंपनी सिएट ने बताया कि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 54 प्रतिशत बढ़कर 186 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 121 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। सिएट लि. ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि दूसरी तिमाही में परिचालन राजस्व बढ़कर 3,773 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 3,304 करोड़ रुपये था।

### रिलायंस रिटेल का मुनाफा 22 फीसदी बढ़ 3,457 करोड़

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर लिमिटेड (आरआरवीएल) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 21.9 प्रतिशत बढ़कर 3,457 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025-26 की सितंबर तिमाही में कंपनी का सकल राजस्व 18 प्रतिशत बढ़कर 90,018 करोड़ रुपये रहा। त्योहारी खरीदारी और स्टोर की परिचालन क्षमता बढ़ने के कारण यह वृद्धि हुई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल आय 76,302 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 2,836 करोड़ रुपये था।



### ईजमाईट्रिप करेगी चार कंपनियों का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग मंच ईजमाईट्रिप के निदेशक मंडल ने एकीकृत यात्रा पारिस्थितिकी तैयार करने के इरादे से चार कंपनियों के रणनीतिक अधिग्रहण की मंजूरी दे दी। ईजमाईट्रिप ने एक बयान में कहा कि इन चार कंपनियों में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। इनमें डूडल डॉडलिंग एंटरटेनमेंट प्राइवेट लि., एसएसएल निर्वाणा ग्रैंड गोल्फ डेवलपर्स प्राइवेट लि., जावाफाइल हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लि. और लेवो ब्यूटी प्राइवेट लि. शामिल हैं। सभी प्रस्तावित रणनीतिक निवेश संबंधित निदेशक मंडल एवं शेयरधारकों की मंजूरी और नियामकीय कानूनों के तहत जरूरी अनुमोदनों के अधीन होंगे।

## इस साल 20 अक्टूबर को संभवत: अपनी आखिरी काली पूजा मनाएगा

# कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज इस साल अपनी आखिरी दिवाली मनाएगा

*एक्सचेंज की स्वैच्छिक रूप से बंद करने की प्रक्रिया पूरी*

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

देश के सबसे पुराने स्टॉक एक्सचेंज में से एक, कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज (सीएसई) इस साल 20 अक्टूबर को संभवतः अपनी आखिरी 'काली पूजा' और 'दिवाली' मनाएगा। एक दशक चली लंबी कानूनी लड़ाई के बाद एक्सचेंज की स्वैच्छिक रूप से परिचालन बंद करने की प्रक्रिया लगभग पूरी होने वाली है।

■ एक दशक तक लंबी चली कानूनी लड़ाई

नियामकीय नियमों का पालन न करने के कारण अप्रैल, 2013 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सीएसई में कारोबार निलंबित कर दिया था। परिचालन को फिर शुरू करने और अदालतों में सेबी के निर्देशों का विरोध करने के वर्षों के प्रयासों के बाद, एक्सचेंज ने अब कारोबार से हटने और अपने स्टॉक एक्सचेंज लाइसेंस को स्वैच्छिक रूप से वापस देने का फैसला किया है।



### आमसभा में कारोबार से हटने अनुमोदन प्राप्त किया

*शेयर बाजार कारोबार से हटने के संबंध में 25 अप्रैल, 2025 की असाधारण आमसभा के माध्यम से शेयरधारकों से भी अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है। इसके बाद सीएसई ने सेबी को कारोबार से हटने का आवेदन किया है। नियामक ने स्टॉक एक्सचेंज के मूल्यांकन के लिए एक मूल्यांकक एजेंसी नियुक्त की है, जिसका काम अभी चल रहा है।''*

### सीएसई होल्डिंग कंपनी के रूप में काम करेगा

सीएसई के चेयरमैन दीपांकर बोस ने कहा कि सेबी द्वारा स्टॉक एक्सचेंज कारोबार के लिए बाहर निकलने की मंजूरी मिलने के बाद सीएसई एक होल्डिंग कंपनी के रूप में कार्य करेगा, जबकि इसकी 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी, सीएसई कैपिटल मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड (सीसीएमपीएल), एनएसई और बीएसई के सदस्य के रूप में ब्रोकिंग जारी रखेगी।

### पारेख घोटाले के बाद भुगतान संकट पैदा हो गया था

नियामक ने ईएम बाईपास पर सीएसई की तीन एकड़ की संपत्ति को सृजन समूह को 253 करोड़ रुपये में बेचने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। 1908 में स्थापित, 117 साल पुराना यह संस्थान कभी व्यापारिक मात्रा के मामले में बीएसई को टक्कर देता था और कोलकाता की वित्तीय विरासत का प्रतीक था। 120 करोड़ रुपये के केतन पारेख से जुड़े घोटाले के बाद कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज में भुगतान संकट पैदा हो गया, क्योंकि कई ब्रोकर निपटान दायित्वों को पूरा करने में चूक गए।

### निवेशकों के विश्वास को तोड़ा

इस घटना ने निवेशकों और नियामकों के विश्वास को तोड़ दिया, जिसके परिणामस्वरूप व्यापारिक गतिविधियों में लंबे समय तक गिरावट आई। सीएसई एक स्वतंत्र शेयर बाजार के रूप में अपने अंतिम उत्सव की तैयारी कर रहा है, और अब कुछ सदस्यों के बीच एक पुरानी यादों का माहौल है।

### प्रस्ताव सेबी को पेश किया गया

दिसंबर, 2024 में, सीएसई के निदेशक मंडल ने कलकत्ता उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में अपने लंबित मामलों को वापस लेने और स्वैच्छिक निकासी के लिए आवेदन करने का संकल्प लिया। यह प्रस्ताव औपचारिक रूप से 18 फरवरी को सेबी को पेश किया गया था और इस वर्ष 25 अप्रैल को शेयरधारकों की मंजूरी प्राप्त हुई।

### कर्मचारियों के लिए वीआरएस शुरू की

सेबी ने राजवंशी एंड एसोसिएट को मूल्यांकन का कार्य सौंपा है - जो अनुमोदन से पहले का अंतिम चरण है। तैयारी के तौर पर, एक्सचेंज ने सभी कर्मचारियों के लिए एक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) शुरू की है, जिसमें 20.95 करोड़ रुपये का एकमुश्त भुगतान शामिल है, जिससे लगभग 10 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत होगी।

# त्योहारों के बाद भौतिक मांग कम होने से सोने में गिरावट संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले सप्ताह सोने की कीमतों में कुछ हद तक स्वस्थ गिरावट देखने को मिल सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि हालिया रिकॉर्ड तेजी अब भी जारी है, लेकिन त्योहारों के बाद भौतिक मांग कम हो गई है। विश्लेषकों ने यह राय जाहिर की।

■ विश्लेषकों का मानना कीमतों में कुछ गिरावट देखने मिलेगी

वैश्विक और घरेलू बाजारों में नई ऊंचाइयों को छूने के बाद सर्राफा एक सीमित दायरे में कारोबार कर सकता है, क्योंकि निवेशकों की नजर अमेरिकी वित्त पोषण विधेयक, प्रमुख वैश्विक आंकड़ों और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों पर है।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''सोने की कीमतों में कुछ स्वस्थ गिरावट देखने को मिल सकता है, क्योंकि मौजूदा बुनियादी बातों का पहले ही मूल्यांकन हो चुका है और सप्ताह के मध्य के बाद भौतिक मांग कम हो जाएगी।'' उन्होंने आगे कहा कि कारोबारी प्रमुख वैश्विक संकेतकों पर नजर रखेंगे, जिनमें चीन के आंकड़े, ब्रिटेन की मुद्रास्फीति, विभिन्न क्षेत्रों के पीएमआई आंकड़े, अमेरिकी उपभोक्ता विश्वास के आंकड़े और फेडरल रिजर्व की टिप्पणी शामिल हैं। मेर ने आगे कहा कि भारत में त्योहारी मांग और ईटीएफ की मजबूत खरीदारी के कारण पिछले सप्ताह सोना सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ।



### अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कारण सोने में तेजी

पिछले सप्ताह मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का वायदा भाव 5,644 रुपये या 4.65 प्रतिशत बढ़ा। एंजल वन के प्रथमेश माल्या ने कहा कि सोने की कीमतों में तेजी रुकने का नाम नहीं ले रही है। नीतिगत अनिश्चितता, अमेरिकी शुल्क और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कारण 2025 तक इसमें तेजी बनी रहेगी।

### सोने में ऊपरी स्तर से गिरावट दर्ज

एमसीएक्स पर, दिसंबर डिलिवरी वाले सोने का वायदा भाव शुक्रवार को 1,32,294 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, इसमें ऊपरी स्तर से गिरावट हुई और यह 1,27,008 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

# दिसंबर तक चांदी की कीमत 55 डॉलर प्रति औंस तक रहेगी स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लि. (एचजेडएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण मिश्रा ने कहा है कि इस वर्ष दिसंबर तक चांदी की कीमत लगभग 55 डॉलर प्रति ट्रॉय औंस के स्तर पर स्थिर रह सकती है। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक व्यापार में अस्थिरता और अन्य निवेश विकल्पों में भरोसे की कमी के कारण निवेशक सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं। यह कंपनी विश्व स्तर पर चांदी की शीर्ष पांच प्राथमिक उत्पादकों में से एक है तथा देश में चांदी की सबसे बड़ी उत्पादक है। मिश्रा ने बताया, "...मैंने जनवरी तक चांदी की कीमत 46 डॉलर प्रति औंस रहने का अनुमान लगाया था, लेकिन वह स्तर पार हो चुका है और अब अनुमान है कि दिसंबर तक इसकी कीमत 50 से 55 डॉलर प्रति औंस के बीच रह सकती है और इस स्तर पर यह काफी समय तक स्थिर बनी रह सकती है।''

# अमेरिका को भारत का निर्यात घटा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारत का अमेरिका को निर्यात कम हुआ है, जबकि गैर-अमेरिकी गंतव्यों को निर्यात मजबूत बना हुआ है और पिछले वृद्धि के आंकड़ों को पार कर गया है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अक्टूबर की अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त, 2025 में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने के बाद सितंबर में अमेरिका को व्यापारिक निर्यात 11.9 प्रतिशत घटकर 5.5 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। एजेंसी ने कहा कि शुल्क वृद्धि से पहले खेप लोड नहीं होती तो यह गिरावट और भी तेज होती। इसके उलट गैर-अमेरिकी बाजारों में निर्यात सितंबर में 10.9 प्रतिशत बढ़ा, जो अगस्त, 2025 में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि से तेज है। अमेरिका को होने वाले निर्यात में गिरावट डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा 27 अगस्त से प्रभावी भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के फैसले के बाद आई है। क्रिसिल ने आगाह किया है कि भारत के व्यापारिक निर्यात को अमेरिकी शुल्क वृद्धि और वैश्विक वृद्धि में व्यापक सुस्ती के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ गैर-अमेरिकी बाजारों ने मजबूती दिखाई : रिपोर्ट



# तिमाही नतीजों से तय होगी इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल

*वैश्विक रुझान, विदेशी निवेशकों के रुख भी निभाएगा बड़ी भूमिका*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार में निवेशक छुट्टियों वाले इस सप्ताह के दौरान वैश्विक रुझानों, विदेशी निवेशकों के रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर नजर रखेंगे। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है। शेयर बाजार बीएसई और एनएसई मंगलवार, 21 अक्टूबर को एक विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र का आयोजन करेंगे। यह प्रतीकात्मक कारोबार सत्र दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक चलेगा। इस दिन सामान्य कारोबार नहीं होगा। इसके बाद दिवाली बलिप्रतिपदा के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''छोटा कारोबारी सप्ताह घटनाओं से भरा रहेगा और निवेशकों के लिए कई प्रमुख कारक सामने आएंगे। बाजार सहभागी सबसे पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे।

■ शेयर बाजार में यह सप्ताह छुट्टियों वाला होगा



### अमेरिकी शुल्क व कच्चे तेल की कीमतों पर होगी नजर

मिश्रा ने कहा कि चीन पर प्रस्तावित अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रम, साथ ही कच्चे तेल की कीमतों और मुद्रा में उतार-चढ़ाव पर भी निवेशकों की नजर होगी। पिछले तीन महीनों से शुद्ध आधार पर बिकवाली करने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) अक्टूबर में अब तक 6,480 करोड़ रुपये के निवेश के साथ लिवाल बन गए हैं।

## राशिफल

**मेष** वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# पूंजीकरण में रिलायंस व एयरटेल

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,16,544.29 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल को सबसे अधिक लाभ हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,451.37 अंक या 1.75 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लाभ में रहीं। वहीं जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।



# ऑनलाइन दिवाली बिक्री में गैर-महानगर का योगदान बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल ऑनलाइन दिवाली खरीदारी में गैर-महानगर शहरों का योगदान सबसे ज्यादा रहा, जो कुल ई-कॉमर्स बिक्री मात्रा का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा रहा। इसमें भी तीसरी श्रेणी के शहरों का योगदान 50 प्रतिशत से अधिक रहा। लॉजिस्टिक मंच 'क्लिकपोस्ट' ने 4.25 करोड़ से अधिक ऑर्डर के उद्योग आंकड़ों का विश्लेषण करके यह जानकारी दी। इसके मुताबिक ये क्षेत्र अब त्योहारी ई-कॉमर्स को बढ़ाने वाले सबसे तेज और सबसे बड़े संचालक बन गए हैं। ऐसे में ऑर्डर की मात्रा और वृद्धि के लिहाज से गैर-महानगरों की भूमिका और मजबूत हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया, ''गैर-महानगर भारत का आकार हौरान करने वाला है। वर्ष 2025 में सभी ऑर्डर में 50.7 प्रतिशत अकेले तीसरी श्रेणी के शहरों से आए। दूसरी श्रेणी (24.8 प्रतिशत) और तीसरी श्रेणी के शहर भारत के कुल ऑर्डर (मात्रा के लिहाज से) का लगभग तीन-चौथाई (74.7 प्रतिशत) प्रतिनिधित्व करते हैं। इससे ई-कॉमर्स की वृद्धि में इनकी भूमिका की पुष्टि होती है।''

## शब्द पहेली - 6024




**बाएँसेदाएं**


1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5


**ऊपर से नीचे**

1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रेजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -6023 का हल






सभी देशवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
"रोशनी का पवित्र पर्व दीवाली हमें याद दिलाता है कि प्रकाश हमेशा अंधकार पर विजय प्राप्त करता है और अच्छाई हमेशा बुराई पर जीत हासिल करती है। आइए, हम सभी अपने दिलों और घरों में प्रेम, भाईचारे और खुशहाली के दीप जलाएँ। दीवाली की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ।"
भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब
स. भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब
सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# भारत ने बनाया पहला स्वदेशी एंटीबायोटिक जानलेवा इन्फेक्शन पर भी बेहद असरदार



**कैंसर और डायबिटीज के मरीजों के लिए उम्मीद भरी खबर**

**यह उन मरीजों के लिए बहुत मददगार साबित होगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


भारत ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। देश ने अपना पहला स्वदेशी एंटीबायोटिक नैफिथ्रोमाइसिन बनाया है, जो जानलेवा श्वसन संक्रमणों से लड़ने में बहुत असरदार है। यह खास तौर पर कैंसर के मरीजों और अनियंत्रित डायबिटीज वाले लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस एंटीबायोटिक को पूरी तरह से भारत में ही सोचा गया, विकसित किया गया और क्लिनिकल तौर पर परखा गया है। यह भारत को दवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि नैफिथ्रोमाइसिन उन श्वसन संक्रमणों से लड़ने में सक्षम है, जिनके खिलाफ मौजूदा एंटीबायोटिक्स अब काम नहीं कर रही हैं। यह उन मरीजों के लिए बहुत मददगार साबित होगा जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है।

### 50,000 करोड़ का बजट

डॉ. सिंह ने अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन को इस दिशा में एक बहुत बड़ा कदम बताया। इस फाउंडेशन के लिए अगले पांच सालों में कुल 50,000 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इसमें से 36,000 करोड़ गैर-सरकारी स्रोतों से आएंगे। यह देश में रिसर्च और डेवलपमेंट (अनुसंधान और विकास) को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत आर्थिक सहारा देगा। मंत्री ने यह भी बताया कि भारत ने 10,000 से ज्यादा मानव जीनोम (मानव शरीर की आनुवंशिक जानकारी) का सीक्वेंसिंग पूरा कर लिया है। अब उनका लक्ष्य इसे बढ़ाकर दस लाख तक ले जाना है।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल पंप पर नशेड़ियों का बवाल, सबको पीटा



**अकोला।** महाराष्ट्र के अकोला जिले में शराब के नशे में धुत कुछ लोगों ने पेट्रोल पंप पर जमकर उत्पात मचाया। नशे में चूर ये युवक पेट्रोल पंप पर मौजूद ग्राहकों, राहगीरों और कर्मचारियों के साथ लगातार गाली-गलौज कर रहे थे। जब कुछ ग्राहकों ने उन्हें गाली देने से मना किया तो इन गुंडों ने मारपीट शुरू कर दी।

### जैसलमेर बस अग्निकांड मृतकों का आंकड़ा बढ़ा



**जैसलमेर।** बस आग हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। शनिवार को राजस्थान के कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल जोधपुर प्रवास के दौरान महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने हादसे में घायल मरीजों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी। डॉक्टरों से घायलों की स्थिति व उपचार के बारे में जानकारी ली।



# मंदाकिनी में लगाई डुबकी श्रीकामदनाथ परिक्रमा की

# चित्रकूट के दीपावली मेले के दूसरे दिन 10 लाख श्रद्धालु पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना/चित्रकूट

**सीएम डॉ. मोहन यादव ने दीपदान कर किया विकास का वादा**



भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट में दीपावली मेले के अवसर पर भारी भीड़ उमड़ी। मेले के दूसरे दिन 10 लाख से अधिक श्रद्धालु मंदाकिनी तटों पर पहुंचे और श्रीकामदगिरि की परिक्रमा की। इस आध्यात्मिक उत्सव के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आरोग्य धाम में मां मंदाकिनी के पंचवटी घाट पर दीपदान कर प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री का चित्रकूट दौरा इस बार विकास के बड़े वादे लेकर आया।

### धार्मिक और ग्रामीण पर्यटन का केंद्र बनेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान राम की इस तपोभूमि को धार्मिक पर्यटन और ग्रामीण पर्यटन का केंद्र बनाया जाएगा। उनकी प्राथमिकताओं में मंदाकिनी की स्वच्छता, उसे सदानीरा बनाए रखना, कामदनाथ के सुगमता से दर्शन और भक्तों को सरलता से भोजन- कराना शामिल है। मुख्यमंत्री ने होम स्टे को बढ़ावा देकर ग्रामीण पर्यटन और रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर भी बल दिया। विकास के लिए 163 स्थानों पर लोगों ने स्वेच्छा से अपने भवन तोड़कर ज़मीन उपलब्ध कराई है।

# लाखों विदेशी वर्कर्स को मिली नई 'आजादी'!

**रियाद।** सऊदी अरब ने 50 साल पुराने कफाला सिस्टम को आधिकारिक तौर पर खत्म कर दिया है। ये एक लेबर स्पांसरशिप फ्रेमवर्क था, जिसमें विदेशी वर्कर्स के रहने और जॉब करने के अधिकार सिर्फ एक कंपनी या नियोक्ता से जुड़े होते थे। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बदलाव का ऐलान जून 2025 में ही कर दिया गया था, लेकिन अब ये आधिकारिक तौर पर खत्म कर दिया गया है। कफाला सिस्टम खत्म होने से 1.3 करोड़ से ज्यादा विदेशी वर्कर्स को आजादी मिली है, जिसमें भारत के भी लाखों वर्कर्स शामिल हैं। कफाला सिस्टम को अरबी में 'स्पांसरशिप' के तौर पर जाना जाता है। ये एक मॉडर्न स्पांसरशिप रूट था, जिसका इस्तेमाल 1950 के दशक से ही खाड़ी के देशों में हो रहा है। सऊदी अरब, कतर, कुवैत, जॉर्डन जैसे देशों में कफाला सिस्टम आम है। इसके तहत विदेशी वर्कर्स का कानूनी स्टेटस सीधे तौर पर उसकी कंपनी (कफील) से जुड़ा होता था। इस वजह से कंपनी के पास वर्कर्स से ज्यादा अधिकार होते थे।

**सऊदी अरब में खत्म हुआ 'कफाला**

# जींद के ट्रैफिक सिपाही की पंचकूला में हादसे में मौत



टोल प्लाजा पर वाहनों की जांच करते समय ट्रक ने कुचला राजकीय सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** पिल्लूखेड़ा निवासी ट्रैफिक पुलिस में सिपाही दीपक का पंचकूला में सड़क दुर्घटना में देहांत हो गया। हादसा तब हुआ जब वह चंडी मंदिर के पास टोल प्लाजा पर वाहनों की जांच कर रहा था। उसी समय अचानक एक ट्रक के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। राजकीय सम्मान के साथ रविवार दोपहर को पिल्लूखेड़ा में उसका अंतिम संस्कार किया गया। पंचकूला से आए डीएसपी विक्रमजीत सिंह ने बताया कि पिल्लूखेड़ा निवासी 35 वर्षीय दीपक 2023 में पुलिस में भर्ती हुआ था। 2024 से वह पंचकूला ट्रैफिक पुलिस में काम कर रहा था।

# वे सनातन से दूर भागेंगे तो मतदाता उनसे ही दूर होंगे

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के सनातन पर दिए गए बयान पर संघ के नेताओं ने पलटवार किया है। भाजपा और संघ के नेताओं ने दावा किया कि सिद्धारमैया अपनी सरकार की विफलता छिपाने ऐसा बयान दे रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के नेता विनोद बंसल ने सीएम के बयान पर कहा कि सिद्धारमैया के माता-पिता के नाम में 'राम' है, जिनकी पत्नी का नाम 'पार्वती' है और जो खुद सिद्धारमैया कहलाते हैं, लोगों को 'सनातनियों' की संगति से दूर रहने की सलाह दे रहे हैं। उनके मंत्रिमंडल के मंत्री सनातन को खत्म कर दो क्योंकि यह डेंगू और मलेरिया फैलाता है और वे आरएसएस और बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाते हैं।



कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के बयान पर संघ का पलटवार

### संघ से कांग्रेस की दुश्मनी नई नहीं

संघ के नेता राजीव तुली ने कहा कि आरएसएस से कांग्रेस की दुश्मनी पुरानी है, ये नई नहीं। महात्मा जी की हत्या से एक हफ्ते पहले एक सीएम को लिखे पत्र में पं. नेहरू ने कहा था आरएसएस के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय सेना कर रही है संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय सेना और ऑस्ट्रेलियाई सेना के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद-2025' ऑस्ट्रेलिया में पूरे उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया जा रहा है।यह अभ्यास विशेष रूप से आतंकवाद-रोधी अभियानों, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में ऑपरेशन, और संयुक्त मानवीय सहायता एवं आपदा राहत कार्यों पर केंद्रित है। दोनों देशों के बीच यह इस सैन्य अभ्यास का चौथा संस्करण है। इस अभ्यास में दोनों देशों की सेनाओं के जवान संयुक्त प्रशिक्षण गतिविधियों, सामरिक अभ्यासों, फायरिंग ड्रिल और योग सत्रों में भाग ले रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से सैनिक अनुशासन, तालमेल और साझी कार्यप्रणाली का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी और रणनीतिक सहयोग का प्रतीक है। भारतीय सेना के मुताबिक अभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना, संयुक्त परिचालन प्रक्रियाओं की समझ विकसित करना तथा साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आपसी सहयोग को सुदृढ़ करना है। अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त कमांड पोस्ट अभ्यास, फील्ड प्रशिक्षण और लाइव फायर अभ्यास भी किए जा रहे हैं। इससे वास्तविक युद्धक परिस्थितियों में सैन्य क्षमता को मजबूत किया जा सकेगा।'


# पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 20.10.2025 से 22.10.2025 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 20.10.2025 (सोमवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान एवं एग्जि. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयन. एवं सान. | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर एवं हरदोई |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 03258 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 02398 | आनन्द विहार (ट.) | 08:20 | गया | 00:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया | 11:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कोसी कलां, मथुरा जं., आगरा कैंट, धौलपुर, ग्वालियर जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जं., अतर्रा, चित्रकूट धाम, मानिकपुर जं., डभौरा एवं शंकरगढ़ |
| **दिनांक 21.10.2025 (मंगलवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 02254 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान एवं एग्जि. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, रफीगंज, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिस अलीगंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुल्तानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता. 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता. 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 03436 | आनन्द विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगांव, पीरपैंती, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 05576 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, शिशो, सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी |
| 03222 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं., अयोध्या धाम जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., पटना साहेब और फतुहा, बख्तियारपुर जं., हरनौत, वेना, बिहार शरीफ, पावापुरी रोड एवं नालन्दा |
| 02310 | आनन्द विहार (ट.) | 19:30 | राजेंद्रनगर (ट.) | 10:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकोनॉमी | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. |
| **दिनांक 22.10.2025 (बुधवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान एवं एग्जि. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 04404 | शकूरबस्ती | 15:15 | पटना जं. | 13:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04406 | शकूरबस्ती | 20:15 | सहरसा जं. | 05:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| 04410 | शकूरबस्ती | 13:00 | झंझारपुर जं. | 18:30 | शयनयान एवं सामान्य | नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., सीतामढ़ी एवं शिशो |
| 04058 | नई दिल्ली | 13:30 | मुजफ्फरपुर जं. | 14:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर., सीवान जं., छपरा, सोनपुर एवं हाजीपुर जं. |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 05580 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, शिशो, सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल, गढ़ बरुआरी, सहरसा जं., दौरम मधेपुरा, मुरलीगंज और बनमनखी जं. |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद | 13:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया | 11:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय–सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें






# एनडीए ने महागठबंधन पर दागे कई सवाल, वहीं 'इंडी' सीट शेयरिंग में ही उलझा

भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष जायसवाल का आरोप

## जो सीटों का बंटवारा नहीं कर सकता, वह बिहार क्या चलाएगा? यहां पैसे लेकर बांटे जा रहे टिकट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने महागठबंधन पर जमकर हमला बोला है। महागठबंधन बिहार में सत्ता की दुकानदारी चाहता है जबकि एनडीए विकसित राज्य का सपना पूरा करना चाहता है। उन्होंने कहा कि आज इस चुनाव में मतदाताओं के रुझान को देखते हुए जननायक लोक दल पार्टी ने भी भाजपा एनडीए को समर्थन देने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि महागठबंधन आज ऐसी स्थिति में है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को दलित समुदाय के लोगों को अपमानित करने की बात सोशल मीडिया में लिखनी पड़ रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता समझ चुकी है कि जो गठबंधन आज सीट बंटवारा नहीं कर सकता, वह सरकार क्या चलाएगा? उन्होंने दावा किया कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है।

**जायसवाल का महागठबंधन पर बड़ा आरोप, उनके ही लोग लगा रहे आरोप**

रुझान को देखकर जननायक लोक दल पार्टी ने भाजपा को दिया समर्थन



जायसवाल ने चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि यह कौरवों की सेना है। जायसवाल ने कहा कि इसमें हर दल टिकट को लेकर एक-दूसरे से उलझा हुआ है। उन्होंने पैसे लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाते हुए कहा कि यहां सब कुछ पैसों के खेल से तय हो रहा है। बिहार की जनता सब देख रही है। एक तरफ एनडीए है 5पांडवों की पार्टी, जहां सीट शेयरिंग और प्रत्याशियों की घोषणा सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई है।

**जनसुराज के कर्मवीर भाजपा में शामिल**

भाजपा मीडिया सेंटर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें जन सुराज के प्रदेश प्रवक्ता सह वेंडर्स एसोसिएशन के राज्य समन्वयक डॉ. अमित कुमार पासवान, मानस भूमि विद्यालय सीनियर सेकंडरी स्कूल की निदेशक सह पूर्व जिला पार्षद अनिता कुमारी और जन सुराज के संस्थापक सदस्य कर्मवीर कुशवाहा सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। आंबेडकर छात्रावास से आए आशुतोष पासवान, विकास कुमार, राहुल कुमार, टिंकू कुमार, नीतीश कुमार, कृष्णा पासवान, शिबू कुमार, तरुण कुमार आदि शामिल हो गए।

### लालू जी दरवाजा मत खोलना वरना...', गिरिराज



इस बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि महागठबंधन में टिकट खरीद-बिक्री को लेकर एक दूसरे का सिर फुटव्वल हो रहा है। मैं लालू प्रसाद यादव से निवेदन करूंगा, दरवाजा मत खोलिए, वरना ये आपका भी कुर्ता फाड़ देंगे।

**जेडीयू में अजब-गजब**

### अमौर से सबा का टिकट काट साबिर को दिया फिर पलटा



जेडीयू में अजब-गजब खेल चल रहा है। पूर्णिया की अमौर सीट पर दो दिनों से प्रत्याशियों की अदला-बदली का खेल जारी है। पार्टी ने फिर अपना उम्मीदवार बदल दिया है। अमौर विधानसभा क्षेत्र से सबा जफर ही जदयू प्रत्याशी होंगे। बिहार सरकार की निवर्तमान मंत्री लेशी सिंह के आवास पर बैठक हुई।

**जेडीयू को बड़ा झटका, औरंगाबाद में पूरी जिला कमेटी का इस्तीफा**

चुनाव से पहले जेडीयू को बड़ा झटका लगा है। पार्टी की पूरी औरंगाबाद जिला कमेटी ने अपने पदों से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इस कदम से जिले में जदयू संगठन में भूचाल आ गया है। पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार को कमान दी है।

टिकट कटने पर आरजेडी में फूटा गुस्सा

## राबड़ी आवास के बाहर फूट-फूटकर रोए नेता फाड़ा कुर्ता, करीब 3 करोड़ मांगने की बात की



पूर्वी चंपारण जिले की मधुबन विधानसभा सीट से राजद के पूर्व प्रत्याशी मदन साह का दर्द रविवार को राबड़ी आवास के बाहर फूट पड़ा। उन्होंने पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर अपना कुर्ता फाड़ लिया और फूट-फूटकर रोने लगे। इस दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव के राजनीतिक सलाहकार संजय यादव पर टिकट बेचने का गंभीर आरोप लगाया। साह का आरोप है कि कि तेजस्वी यादव के करीबी व राज्यसभा सांसद संजय यादव ने मुझसे 2 करोड़ 70 लाख रुपए की मांग की थी। पैसे नहीं देने पर मेरा टिकट काट दिया गया। मैं बर्बाद हो गया हूं। बेटा-बेटी की शादी तक टाल दी थी चुनाव के लिए।

### टिकट कटने के बाद फफक कर रोने लगीं राजद नेता



टिकट बंटवारे को लेकर राजद के भीतर नाराजगी खुलकर सामने आने लगी है। सोमवार को राबड़ी देवी के आवास पर उस वक्त भावुक पल देखने को मिला, जब गया की बाराचट्टी विधानसभा सीट से टिकट की दावेदारी कर रहीं उषा देवी टिकट कटने के बाद रोती हुई नजर आईं।

### नामांकन बचा पर गणेश हो गए निर्दलीय



बिहार विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में बड़ी संख्या में उम्मीदवारों का नॉमिनेशन रिजेक्ट हो गया। चिराग की पार्टी लोजपा-आर की मढ़ौरा की उम्मीदवार सीमा सिंह का नॉमिनेशन रद्द होने से एनडीए को बड़ा झटका लगा। वोटिंग से पहले ही एनडीए एक सीट से बेदखल हो गई। इधर महागठबंधन खेमे में मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी के प्रत्याशी गणेश भारती से बड़ी भूल हो गई। उनका नॉमिनेशन को बच गया पर चुनाव चिन्ह रद्द कर दिया गया।

चुनाव और उप चुनावों पर ईसीआई ने दिखाई सख्ती

## बिहार चुनाव के साथ ही 8 सीटों के उपचुनाव में पर्यवेक्षकों की तैनाती की



बिहार विधानसभा चुनाव और 8 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनावों के दौरान चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। आयोग ने पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया है ताकि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किया जा सके। पहले चरण के बिहार के लिए 121 सामान्य पर्यवेक्षक और 18 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए थे। वहीं, दूसरे चरण के लिए 122 सामान्य और 20 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। वहीं 8 उपचुनाव क्षेत्रों के लिए भी 8 सामान्य और 8 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात हैं। पर्यवेक्षक करीबी नजर रखें और मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें।

### 6 साल बाद सक्रिय किया आर्थिक इंटेलिजेंस पैनल

आयोग ने 6 साल बाद अपनी आर्थिक खुफिया समिति को दोबारा सक्रिय किया है। जिससे चुनाव से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पैसे, शराब और नशीले पदार्थों के इस्तेमाल पर अंकुश लगाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि मल्टी-डिपार्टमेंटल कमेटी ऑन इलेक्शन इंटेलिजेंस की बैठक शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों और केंद्रीय पुलिस बलों की रणनीति को और प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।

तेल और गैस की खोज की जा रही: पुरी

## देश स्वच्छ, मजबूत व आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य का निर्माण कर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी नेकहा कि भारत एक स्वच्छ, मजबूत और आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने देश के 99 प्रतिशत अपतटीय क्षेत्र को तेल और गैस की खोज के लिए खोल दिया है और कच्चे तेल के आयात को पहले के 27 देशों से बढ़ाकर 40 से अधिक देशों तक कर दिया है। भारत की ऊर्जा नीति एक चार-आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है। इसमें- कच्चे तेल के आयात में विविधता, तेल और गैस की घरेलू खोज में वृद्धि, क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शामिल हैं। उज्ज्वला के तहत 10.60 करोड़ गरीब परिवारों को ईंधन के रूप में सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर दिए जा चुके हैं।हरदीप पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत एक ऐसा भविष्य बना रहा है जहां ऊर्जा सुरक्षित, सस्ती और टिकाऊ होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कई राज्यों पर जताई गहरी नाराजगी

## देशभर में 8.82 लाख आदेश 'अधर' में कर्नाटक हाईकोर्ट से जवाब तलब किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने देशभर में लंबित पड़े 8.82 लाख से ज्यादा 'निष्पादन याचिकाओं' (अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाएं) पर सख्त नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि ये स्थिति बेहद निराशाजनक और चिंताजनक है। जब किसी नागरिक विवाद में अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इनकार कर देता है, तब विजेता पक्ष अदालत में निष्पादन याचिका दायर करता है ताकि आदेश लागू हो सके। यानी यह प्रक्रिया अदालत के आदेश को जमीन पर उतारने की होती है। इस दौरान शीर्ष कोर्ट ने कर्नाटक और तमिलनाडु की सरकार पर कई सवाल उठाए। अदालत ने इस बीच कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि न्याय में देरी न्याय से इनकार के बराबर है। यह बात केंद्र और राज्य सरकारों को सदैव ध्यान में रखनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है।

*आदेश लागू न तो तो ऐसे आदेश का क्या मतलब?*



हाईकोर्ट और जिला अदालतें इस ढर्रे को तुरंत बदलें
निष्पादन याचिका पर उठाए सवाल

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि अदालत का आदेश अगर वर्षों तक लागू ही न हो सके, तो फिर ऐसे आदेश का कोई मतलब नहीं रह जाता। यह न्याय का मजाक बन जाएगा। अदालत ने बताया कि कुल 8,82,578 निष्पादन याचिका लंबित हैं। मार्च 2024 से अब तक लगभग 3.38 लाख मामलों का निपटारा हुआ, लेकिन बाकी अब भी अटके हुए हैं। कोर्ट ने सभी हाईकोर्टों से कहा कि वे जिला अदालतों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दें ताकि पुराने मामलों को जल्द निपटाया जा सके।

### 2004 में आदेश के बाद भी नहीं मिला जमीन का कब्जा

तमिलनाडु के अय्यावू उदयार ने 1980 में जमीन खरीदने का समझौता किया था। 1986 में केस दाखिल हुआ। 2004 में आदेश के बाद भी जमीन का कब्जा नहीं मिला। 2008 में कब्जे का आदेश हुआ, पर अमल फिर भी नहीं हुआ। आखिरकार मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। अदालत ने कहा कि निचली अदालत और हाईकोर्ट ने इस मामले में गंभीर गलती की।

नई दिल्ली में अत्याधुनिक यात्री सुविधा केंद्र शुरू

## अब यात्रियों को मिल रहा बेहतर अनुभव और सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




त्योहारों के सीजन में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ने यात्रियों का स्वागत एक और आधुनिक सुविधाओं के साथ किया है। अब यहां चमकदार फर्श, डिजिटल साइनबोर्ड, साफ-सुथरे शौचालय और ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीनें नजर आ रही हैं। यह बदलाव 'यात्री सुविधा केंद्र की वजह से संभव हुआ है।करीब 6,000 वर्गमीटर क्षेत्र में बना है। एक समय में लगभग 7,000 यात्रियों को समायोजित कर सकता है। इसका उद्देश्य भीड़ को व्यवस्थित तरीके से संभालना और उन्हें यात्रा से पहले आरामदायक माहौल देना है। 652 वर्गमीटर क्षेत्र में साफ और आधुनिक शौचालय बनाए गए हैं। आरओ-आधारित पेयजल प्रणाली की भी व्यवस्था की गई है। यहां 24 स्पीकर वाला सार्वजनिक उद्घोषणा तंत्र और 3एलईडी डिस्प्ले लगाए गए हैं। केंद्र में फायर फाइटिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, लगेज स्कैनर और मेटल डिटेक्टर भी लगाए गए हैं। इससे यात्रियों को सुरक्षित और भरोसेमंद माहौल में यात्रा का अनुभव मिल रहा है।

### 96 लाख फर्जी वोटर साफ करें: राज ठाकरे

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने महाराष्ट्र में 96 लाख फर्जी वोटर जोड़े जाने का गंभीर आरोप लगाया है और चेतावनी दी है कि अगर वोटर लिस्ट को साफ नहीं किया गया, तो स्थानीय निकाय चुनावों की पारदर्शिता पर सवाल उठेंगे। उन्होंने चुनाव आयोग को खुली चुनौती दी, 'पहले मतदाता सूची साफ करें। फिर चुनाव कराएं।

### पटाखा बाजार में आग 80 दुकानें खाक

फतेहपुर। जिले के लोधीगंज हाईवे किनारे लगी पटाखा बाजार में रविवार दोपहर 12 बजे करीब आग लग गई। इससे पूरा इलाका धमाकों से गूंज उठा। पटाखों के धमाकों से भीड़ में खलबली मच गई। भागते लोग एक-दूसरे पर गिरकर चोटिल हुए। एक के बाद एक दुकानें आग की चपेट में आती चली गई। 80 से ज्यादा दुकानें जलने की खबर है।



## चिंतन

# कलयुग में भी प्रासंगिक हैं भगवान श्रीराम के आदर्श

भारतीय संस्कृति में दिवाली केवल दीपों और उत्सव का पर्व नहीं बल्कि सृष्टि के उस सनातन भाव का प्रतीक है, जिसमें प्रकाश अंधकार पर, श्रद्धा मोह पर और सृजन विनाश पर विजय प्राप्त करती है। इस दिन जब संपूर्ण भारत दीपों से जगमगा उठता है, तब हर घर, हर हृदय में भगवान राम के स्वागत की मंगल भावना जाग उठती है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान राम 14 साल का वनवास पूरा करके आयोध्या लौटे थे। वो राम जिनके चरित्र की मिसाल आज भी दी जाती है और उन्हें उनके गुणों के कारण पूजनीय माना जाता है। श्रीराम ने हर परिस्थिति में सत्य और धर्म का पालन किया। उन्होंने अपने जीवन से संदेश दिया कि अगर इंसान चाहे तो वो अपने सद्कर्मों से मर्यादा पुरुषोत्तम हो सकता है। बस इसके लिए श्रीराम के आदर्शों का पालन करना अनिवार्य है। भगवान राम ने व्यक्तिगत सुख से ऊपर कर्तव्य को रखा। वनवास, सीता-हरण और युद्ध जैसी परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य और विवेक बनाए रखा। जो दर्शाता है कि इंसान धैर्य, विवेक और कर्तव्य का तालमेल बनाकर चले तो किसी भी परेशानी पर विजय हासिल कर सकता है। श्रीराम में अन्दर इतने गुण थे कि एक मानव के रूप में जन्म लेने के बावजूद अपनी प्रजा के लिए वो भगवान बने रहे और आज भी अपने चरित्र के कारण पूजे जाते हैं। उनके जो आदर्श थे, वो आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। त्रेता युग में इंसानों की फितरत और सोच स्पष्ट थी, लेकिन अब कलियुग है। इस युग में इंसान भटका हुआ है और आधुनिकता की चकाचौंध के कारण प्राचीन विचार लोगों को तर्कहीन और मूल्यहीन लगते हैं। आधुनिक पीढ़ी की सोच गलत भी नहीं है लेकिन सामान हो या सोच, हर चीज का रूपांतरण संभव है। विचार और मूल्य कभी पुराने नहीं होते बल्कि अगर उनका आधार मजबूत हो, तो समय के साथ वो खुद को एक नए स्वरूप में ढाल लेते हैं। बस उन्हें अपनाने की सुलभता हममें होनी चाहिए। भले ही आधुनिक पीढ़ी भगवान राम के मूल्यों को प्राचीन सोचकर अपनाने से हिचके, लेकिन भगवान-राम के आदर्श इतने मूल्यवान हैं कि वो आज भी प्रासंगिक हैं। उनके जीवन से कई शिक्षाएँ मिलती हैं, जो आधुनिक चुनौतियों में भी मार्गदर्शन करती हैं। आज की दौड़-भाग में सत्य और नैतिकता से समझौता करना आसान है। आज का युवा अनेक प्रलोभनों और चुनौतियों से घिरा है, इसलिए श्रीराम की सत्य और धर्मनिष्ठा युवाओं के लिए यह ईमानदारी और नैतिकता का प्रतीक है। राम का जीवन यह बताता है कि परिवार और समाज के प्रति कर्तव्य निभाना ही सच्चा धर्म है। उनकी कर्तव्यपरायणता युवाओं को कर्तव्य और जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देती है। आज की पीढ़ी जहां व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आत्म-संतुष्टि की ओर झुकी हुई है, वहीं श्रीराम का आदर्श हमें संतुलन सिखाता है। जो समझाता है कि स्वतंत्र रहो, पर अपने मूल्यों और परिवार से जुड़े रहो। श्रीराम की वाणी में संयम और आचरण में शुद्धता, सीमाओं और अनुशासन का महत्व सिखाते हैं। तनाव और असुरक्षा के दौर में श्रीराम का संकट में धैर्य रखना, युवाओं को मानसिक दृढ़ता और संकट-प्रबंधन की शिक्षा देता है। आज का युवा असफलता या आलोचना से निराश हो जाता है। ऐसे में भगवान श्रीराम का जीवन प्रेरित करता है कि संकट जीवन का अंत नहीं, बल्कि आत्मबल की परीक्षा है। हम अगर धैर्य से इस परीक्षा का सामना करें तो सफलता पाना तय है। बस जरूरी इस बात कि है कि हम अपनी युवा पीढ़ी को श्रीराम के आदर्शों का न केवल ज्ञान दें बल्कि उन्हें अपनाने का भी प्रेरित करें।



धन लक्ष्मी
अतुल गोयल

# धर्म की धारक हैं मां लक्ष्मी


> लक्ष्मी पूजन की परंपरा और उनकी पूजा के पीछे अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें सर्वाधिक प्रसिद्ध कथा महर्षि दुर्वासा से जुड़ी है। दिवाली की रात जब दीपक जलते हैं तो यह केवल अंधकार मिटाने का प्रतीक नहीं बल्कि उस विश्वास का उद्घोष है कि मनुष्य के भीतर की आलोक शक्ति हर प्रकार की नकारात्मकता को परास्त कर सकती है। जब घर-घर में लक्ष्मी का आह्वान होता है तो वह केवल आर्थिक संपन्नता नहीं, नैतिक और आध्यात्मिक विकास का भी प्रतीक बन जाती हैं। दीपों की यह उजास केवल बाहर की नहीं, भीतर की भी ज्योति है, जो संदेश देती है कि जहां प्रकाश है, वहां लक्ष्मी का वास अवश्य है।

भारतीय संस्कृति में दिवाली केवल दीपों और उत्सव का पर्व नहीं बल्कि सृष्टि के उस सनातन भाव का प्रतीक है, जिसमें प्रकाश अंधकार पर, श्रद्धा मोह पर और सृजन विनाश पर विजय प्राप्त करती है। इस दिन जब संपूर्ण भारत दीपों से जगमगा उठता है, तब हर घर, हर हृदय में देवी लक्ष्मी के स्वागत की मंगल भावना जाग उठती है। भारतीय जीवन में धन, सुख, समृद्धि और ऐश्वर्य का जो दार्शनिक अर्थ है, वह मात्र भौतिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक है और इसी का साक्षात प्रतीक हैं देवी लक्ष्मी।

प्राचीन ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि लक्ष्मी केवल धन की अधिष्ठात्री नहीं, शरीर की 'रोग निरोधक शक्ति' के रूप में भी पूजनीय हैं। वह मानव शरीर की समग्र ऊर्जा हैं, जो जीवन को स्वस्थ, संतुलित और कर्मशील बनाती है। वे उस चेतना की अधिष्ठात्री हैं, जो मनुष्य को भोग के साथ त्याग की मर्यादा भी सिखाती है। लक्ष्मी को 'चंचला' कहा गया है क्योंकि वह कभी स्थिर नहीं रहती, वह केवल उसी स्थान पर ठहरती हैं, जहां श्रम, सच्चाई, श्रद्धा और सद्कर्मों का संगम होता है। भारतीय जनमानस में यह दृढ़ विश्वास है कि जो धन को केवल भोग का साधन मानता है, वह अंततः विनाश की ओर बढ़ता है पर जो उसे ईश्वरीय प्रसाद मानकर सद्कार्यों में उपयोग करता है, वह न केवल स्वयं का कल्याण करता है बल्कि समस्त सृष्टि में मंगल का कारण बनता है।

लक्ष्मी पूजन की परंपरा और उनकी पूजा के पीछे अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें सर्वाधिक प्रसिद्ध कथा महर्षि दुर्वासा से जुड़ी है। कथा के अनुसार, एक दिन महर्षि दुर्वासा हिमालय की घाटियों में भ्रमण कर रहे थे। उस वन में सुगंधित पुष्पों की अनगिनत कलियां खिली थी और एक देवसुंदरी अपने हाथों में कमल पुष्पों की एक अनुपम माला लिए खड़ी थी। माला की सुगंध से मुग्ध होकर दुर्वासा ऋषि ने उस सुंदरी से वह माला मांग ली। सुंदरी ने विनम्रतापूर्वक उन्हें माला अर्पित कर दी। चलते-चलते जब ऋषि दुर्वासा ने आगे ऐरावत हाथी पर सवार देवराज इन्द्र को देखा तो उन्होंने वह पुष्पमाला उनकी ओर उछाल दी। देवराज इन्द्र ने बिना विचार किए माला अपने हाथी ऐरावत के मस्तक पर रख दी। ऐरावत ने माला को सूंड से झटक दिया और वह भूमि पर गिर पड़ी। दुर्वासा ऋषि के लिए यह अपमान असहनीय था। उन्होंने क्रोधित होकर इन्द्र को श्राप दिया, 'हे इन्द्र, जिस मस्तक पर यह पवित्र माला रखी गई है, वही प्रथम पूजा का अधिकारी होगा और देवी लक्ष्मी भी तुझे छोड़कर चली जाएगी।' दुर्वासा के श्राप से इन्द्र का तेज लुप्त हो गया। देवताओं की शक्तियां क्षीण पड़ गईं और सम्पूर्ण देवलोक में दरिद्रता का अंधकार छा गया। व्याकुल इन्द्र ब्रह्मा के पास पहुंचे, जिन्होंने उन्हें साथ लेकर भगवान विष्णु के समक्ष निवेदन किया। विष्णु ने कहा, 'मैं और लक्ष्मी, दोनों उस स्थान पर निवास नहीं करते, जहां भक्त का अपमान होता है।' उन्होंने देवताओं को समुद्र मंथन करने का आदेश दिया ताकि लक्ष्मी पुनः प्रकट होकर सृष्टि में संतुलन स्थापित कर सकें।

तब देवताओं ने वासुकी नाग को रस्सी और मंदराचल पर्वत को मंथनी बनाकर समुद्र मंथन प्रारंभ किया। भगवान विष्णु स्वयं कच्छप अवतार लेकर मंदराचल को अपनी पीठ पर धारण कर समुद्र के गर्भ में स्थित हुए। समुद्र के मंथन से सबसे पहले 'कालकूट



विष' प्रकट हुआ, जिसका प्रभाव इतना प्रचंड था कि संपूर्ण सृष्टि विनाश के कगार पर पहुंच गई। तब भगवान शिव ने करुणा से प्रेरित होकर उस विष का पान किया और संसार की रक्षा की। इसके पश्चात एक-एक कर चौदह अमूल्य रत्न प्रकट हुए, जिन्हें 'चौदह रत्न' कहा गया। इन रत्नों में दिव्य औषधियां, कामधेनु, पारिजात वृक्ष, अप्सराएं, ऐरावत, कौस्तुभ मणि, चंद्रमा, धन्वंतरि और अंत में लक्ष्मी जी का प्राकट्य हुआ।

जब लक्ष्मी क्षीरसागर की उज्ज्वल लहरों से प्रकट हुई, तब समस्त दिशाएं उनके दिव्य रूप से आलोकित हो उठी। वे कमलासन पर विराजमान थी, उनके नेत्रों में करुणा थी और मुख पर दिव्यता का अपूर्व तेज। उनके प्रकट होते ही देवगण उल्लासित हो उठे। देवताओं ने उन्हें विविध आभूषणों, रत्नों और पुष्पमालाओं से विभूषित किया और उनका स्वागत किया। लक्ष्मी का यह प्राकट्य मात्र सौंदर्य का नहीं बल्कि सृष्टि में समृद्धि, स्वास्थ्य, सद्भाव और संतुलन की पुनः स्थापना का प्रतीक था। तभी से लक्ष्मी जी को धन, ऐश्वर्य और समृद्धि की देवी के रूप में पूजा जाने लगा। उन्हें 'विष्णुप्रिया' कहा गया क्योंकि समुद्र मंथन से प्रकट होने के पश्चात उन्होंने भगवान विष्णु का वरण किया और सृष्टि संचालन में सहचर बनी। दिवाली की रात्रि, जब अमावस्या का अंधकार चारों ओर फैला होता है, तब दीपों की पंक्तियां उस अंधकार को चीरते हुए लक्ष्मी के आगमन का प्रतीक बनती हैं। इस दिन लोग अपने घरों की सफाई करते हैं, उन्हें दीपों से सजाते हैं और दरवाजों पर रंगोली बनाते हैं ताकि लक्ष्मी का स्वागत हो सके।

प्रतीकात्मक रूप से यह आत्मशुद्धि, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक समृद्धि का प्रतीक है। कथाओं के अनुसार, दिवाली के दिन देवी लक्ष्मी के साथ अन्य देवी-देवताओं की भी पूजा की जाती है। जब महर्षि और मुनियों ने सनतकुमार से पूछा कि लक्ष्मी के साथ अन्य देवताओं की पूजा क्यों की जाती है तो उन्होंने कहा, 'एक समय राजा बलि ने लक्ष्मी सहित समस्त देवताओं को अपने अधीन कर लिया था। भगवान विष्णु ने स्वयं वामन रूप धारण कर बलि को पराजित किया और लक्ष्मी सहित सभी देवताओं को दीपावली के दिन बंधन से मुक्त कराया। इसीलिए इस दिन केवल लक्ष्मी ही नहीं, समस्त देवताओं की आराधना की जाती है ताकि वे हमारे जीवन में पुनः वास करें और उनकी कृपा से हमारा मार्ग प्रकाशित हो।' लक्ष्मी पूजन का अर्थ केवल धन की याचना नहीं बल्कि मन की पवित्रता और कर्म की शुद्धता की साधना है। दिवाली के दिन लक्ष्मी की पूजा करके हम उस शक्ति का आह्वान करते हैं, जो जीवन में संतुलन, सौंदर्य और संपन्नता लाती है। दीपक की लौ की तरह लक्ष्मी भी तब तक स्थिर रहती हैं, जब तक हमारे मन का वात सच्चाई, ईमानदारी और करुणा से संतुलित रहता है। भारतीय संस्कृति में लक्ष्मी का आगमन केवल भौतिक धन से नहीं, आत्मिक संपन्नता से भी जोड़ा गया है। लक्ष्मी पूजन का वास्तविक संदेश यह है कि समृद्धि तभी सार्थक है, जब उसमें परोपकार का भाव हो, जब धन का प्रवाह धर्म और समाज हित के लिए हो।

दिवाली की रात जब दीपक जलते हैं तो यह केवल अंधकार मिटाने का प्रतीक नहीं बल्कि उस विश्वास का उद्घोष है कि मनुष्य के भीतर की आलोक शक्ति हर प्रकार की नकारात्मकता को परास्त कर सकती है। जब घर-घर में लक्ष्मी का आह्वान होता है तो वह केवल आर्थिक संपन्नता नहीं, नैतिक और आध्यात्मिक विकास का भी प्रतीक बन जाती हैं। दिवाली की रात्रि में लक्ष्मी पूजन एक अनुष्ठान नहीं बल्कि आत्मचेतना का उत्सव है। दीपों की यह उजास केवल बाहर की नहीं, भीतर की भी ज्योति है, जो संदेश देती है कि जहां प्रकाश है, वहां लक्ष्मी का वास अवश्य है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवाली पर्व
श्वेता गोयल




# सौंदर्य, उमंग और आत्मिक आलोक का उत्सव

हर पर्व का अपना रंग, अपनी छटा और अपनी ऊर्जा होती है परंतु जब बात दिवाली की आती है तो यह केवल एक धार्मिक या पारंपरिक पर्व नहीं रह जाता बल्कि सौंदर्य, उमंग और आत्मिक आलोक का उत्सव बन जाता है। यह वह क्षण होता है, जब बाहर जगमगाते दीपक और भीतर जगमगाती नारी, दोनों मिलकर ऐसा दृश्य रचते हैं कि संसार का हर कोना प्रकाश से भर उठता है। दिवाली की रात जितनी दीयों की लौ से उज्ज्वल होती है, उतनी ही स्त्रियों की आभा, आत्मविश्वास और सृजनात्मकता से दमकती है। भारतीय संस्कृति में शृंगार का अर्थ केवल सजावट नहीं है, यह एक भाव, एक प्रतीक, एक ऊर्जा है। यह नारी की प्रसन्नता, उसके आत्म-संतोष और उसकी जीवनप्रियता का प्रतीक है। कोई तीज हो, कोई त्योहार हो या कोई शुभ अवसर, नारी का शृंगार उसी तरह अनिवार्य है, जैसे दीपावली पर दीयों का प्रज्ज्वलन। लेकिन दिवाली का शृंगार विशेष होता है क्योंकि यह पर्व केवल प्रकाश का नहीं बल्कि आत्मविश्वास, आकर्षण और आत्म-प्रेम का भी उत्सव है। सजना-संवरना किसी महिला के लिए केवल सुंदर दिखने की चाह नहीं बल्कि अपने भीतर की प्रसन्नता को बाहर लाने का माध्यम है। जब कोई महिला अपने परिधान, आभूषण और मेकअप के माध्यम से स्वयं को अभिव्यक्त करती है तो वह केवल रूप नहीं निखारती बल्कि मन की ऊर्जा और आत्मबल को जगाती है। दिवाली के अवसर पर यह शृंगार एक विशेष आयाम ले लेता है क्योंकि जब वह दीप प्रज्ज्वलित करती है तो उसकी आंखों की चमक और होंठों की मुस्कान स्वयं एक दीपक बन जाती है। आज की महिला अपने शृंगार में पारंपरिकता और आधुनिकता का संतुलन साध चुकी है। वह जानती है कि सुंदरता किसी फैशन का अनुसरण नहीं बल्कि अपने व्यक्तित्व की मौलिकता का प्रदर्शन है। पारंपरिक परिधान में आधुनिक कट्स जोड़ना या सिल्क की साड़ी पर ग्लोइंग मेकअप का संगम, यही तो है आज की नारी की पहचान, जो अपनी संस्कृति से जुड़ी है पर समय के साथ आगे भी बढ़ रही है। दिवाली के अवसर पर परिधान केवल वस्त्र नहीं, भावनाओं का विस्तार होते हैं। हर महिला अपने वस्त्रों का चयन उतने ही प्रेम से करती है, जितना अपने घर की सजावट का। अब इन पर आधुनिकता की हल्की छाप दिखाई देने लगी है। आभूषण केवल शृंगार की पूरक वस्तु नहीं बल्कि भावनाओं का दर्पण हैं। चूड़ियों की खनक, पायल की झंकार, और माथे की बिंदी, ये सब उस सांस्कृतिक आत्मा के प्रतीक हैं, जो नारी को देवी स्वरूपा बनाती हैं। दिवाली के अवसर पर गोल्डन या कुंदन ज्वेलरी की मांग हमेशा बनी रहती है पर अब सिल्वर ऑक्सीडाइज्ड आभूषणों ने भी अपनी खास जगह बना ली है। आज की महिलाएं फ्यूजन ज्वैलरी को भी अपनाने लगी हैं, पारंपरिक चोकर के साथ आधुनिक झुमके या हैंडक्राफ्टेड ब्रेसलेट्स के साथ क्लासिक कर्णफूल। यह केवल ट्रेंड नहीं बल्कि अपनी मौलिकता का उत्सव है। दिवाली की रोशनी में चेहरा भी दमकता नजर आना चाहिए। सौंदर्य विशेषज्ञों का मानना है कि दिवाली का मेकअप केवल चेहरा निखारने का नहीं बल्कि आत्मविश्वास को जगाने का माध्यम है। इस अवसर पर 'ग्लोइंग लुक' सबसे लोकप्रिय ट्रेंड है, जिसमें बेस नैचुरल रखा जाता है ताकि त्वचा की वास्तविक आभा बनी रहे। हेयर स्पा और ऑयल ट्रीटमेंट से बालों की प्राकृतिक चमक लौटाई जा सकती है। यह स्पष्ट होता है कि भारतीय नारी अब ट्रेंड क्रिएटर बन चुकी है, न कि केवल ट्रेंड फॉलोअर। वह अपने लुक से यह संदेश देती है कि परंपरा और आधुनिकता एक-दूसरे के विरोधी नहीं बल्कि पूरक आयाम हैं। दिवाली हमें यह सिखाती है कि जैसे दीपक अंधकार को मिटाता है, वैसे ही आत्मविश्वास और सकारात्मकता जीवन के हर अंधकार को दूर कर सकते हैं। शृंगार केवल बाहरी सजावट नहीं बल्कि स्वयं को अपनाने की कला है। जब किसी महिला के चेहरे पर संतोष, मुस्कान और आत्मविश्वास झलकता है तो वही उसका वास्तविक सौंदर्य बन जाता है। दिवाली के इस शुभ अवसर पर जब हर महिला अपने भीतर की रोशनी को पहचानती है, जब उसकी आंखों की चमक दीयों की लौ से मिलती है तो संसार का हर अंधेरा मिट जाता है। यही दिवाली का सार है, भीतर की रोशनी को बाहर फैलाना और अपनी आभा से इस सृष्टि को आलोकित करना। दीवाली का शृंगार केवल रूप का उत्सव नहीं, यह आत्मविश्वास, सौंदर्य और संस्कृति के संगम का प्रतीक है। जब कोई नारी अपनी मुस्कान से दीयों की लौ को प्रतिस्पर्धा देती है, तब वही क्षण होता है, जहां दिवाली सचमुच जगमगाती है।

(लेखिका शिखाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

## लकड़ी का कटोरा



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहां शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृद्ध होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहां तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विद्यार्थी मोबाइल से दूरी बनाए रखें

राज्य सरकार सभी स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्कूल समय में मोबाइल का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाए। अगर स्कूलों और अन्य शिक्षा संस्थानों में मोबाइल प्रयोग की खुली छूट दे दी जाए तो बहुत से विद्यार्थी इसका दुरुपयोग ही करते हैं, इसलिए यह जरूरी है कि यहां मोबाइल पर प्रतिबंध लगे, लेकिन अगर शिक्षकों के मोबाइल प्रतिबंधित नहीं होंगे और शिक्षक पढ़ाने के दौरान मोबाइल प्रयोग करेंगे तो इसका विद्यार्थियों पर नकारात्मक प्रभाव पडेगा। विद्यार्थियों को चाहिए कि वो अपनी जिंदगी का कीमती समय बेवजह बर्बाद न करें। टेक्नोलॉजी का उचित प्रयोग किया जाए तो वो लाभकारी सिद्ध होती है और दुरुपयोग हानिकारक।

*– प्रेम त्रिपाठी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### बंगाल घुसपैठिया मुक्त होगा



गुजरात, राजस्थान, असम में घुसपैठ नहीं होती, क्योंकि वहाँ भाजपा सरकार है, बंगाल और झारखंड में घुसपैठियों का स्वागत वोट बैंक के लिए होता है। बंगाल से ममता सरकार हटने और भाजपा सरकार आने के बाद बंगाल घुसपैठिया मुक्त होगा।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### अर्थव्यवस्था को नई उड़ान



लखनऊ का स्ट्रैटेजिक मटेरियल टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स, औद्योगिक नक्शे पर एक नया आयाम जोड़ने वाला है। इससे एक नई इनोवैशन चेन भी बनेगी, जो न केवल रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा करेगी, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नई उड़ान देगी।
**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### ग्रीन पटाखों का प्रयोग करें



सालों बाद दिल्ली में दिवाली का उत्सव फिर से अपने पूरे रंग और रोशनी के साथ मनाया जाएगा। आप सभी से अपील है कि इस दीपावली केवल प्रमाणित ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग करें और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन अवश्य करें।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### हृदय को प्रकाशित करें



जिस प्रकार अयोध्यावासियों ने भगवान राम के वास्तविक निवास में स्वागत के लिए नगर को प्रकाशित किया था, आइए हम भी उनके वास्तविक निवास में स्वागत करने के लिए अपने हृदय को प्रकाशित करें..
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

### चोरी की घटना के बाद फ्रांस का लूव्र संग्रहालय किया बंद

फ्रांस के लूव्र संग्रहालय में रविवार को चोरी की एक घटना हुई और इसे दिन भर के लिए बंद कर दिया गया है जबकि प्राधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। यह जानकारी फ्रांस की संस्कृति मंत्री रचिदा दाती ने दी। रचिदा दाती ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, आज सुबह लूव्र संग्रहालय खुलने के समय चोरी की एक घटना हुई।खबर में कहा गया है कि उन्होंने अपोलो गैलरी के लक्षित कमरे तक सीधे पहुंचने के लिए एक मालवाहक लिफ्ट का इस्तेमाल किया। 'ले पेरिसियन' की खबर के अनुसार, खिड़कियां तोड़ने के बाद, अपराधियों ने कथित तौर पर नेपोलियन और महारानी के आभूषण संग्रह से नौ आभूषण चुरा लिये। लूव्र संग्रहालय में चोरी और डकैती के प्रयासों का एक लंबा इतिहास रहा है। वर्ष 1911 में हुई घटना में मोना लिसा की पेंटिंग फ्रेम से गायब हो गई थी, जिसे विन्सेन्जो पेरुगिया नामक एक पूर्व कर्मचारी ने चुरा लिया था, जो संग्रहालय के अंदर छिप गया और पेंटिंग अपने कोट के नीचे छिपाकर बाहर निकल गया। पेंटिंग दो साल बाद फ्लोरेंस में बरामद की गई। इस घटना ने लियोनार्डो दा विंची के चित्र को दुनिया की सबसे प्रसिद्ध कलाकृति बनाने में मदद की।



## ऑफ बीट

### आंत रोग की कुछ स्थितियां पार्किंसन के लिए जिम्मेदार

कुछ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं, जैसे निगलने में कठिनाई, कब्ज और आंत विकार (आईबीएस) पार्किंसंन रोग के जोखिम से जुड़ी हो सकती हैं। एक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है। पार्किंसंन एक मस्तिष्क विकार है, जिसके कारण शरीर में कंपकंपी, ऐंठन और संतुलन एवं समन्वय बैठाने में कठिनाई होती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि पूर्व में आंत की कुछ समस्याओं को पक्षाघात या मस्तिष्क धमनी विकार या अल्जाइमर रोग जैसी बीमारियों का कारण बनने से जोड़ा गया है। पत्रिका 'गट' में प्रकाशित नवीनतम अध्ययन में अमेरिकी राष्ट्रव्यापी मेडिकल रिकॉर्ड नेटवर्क (ट्राइनेटएक्स) के 24,624 लोगों के आंकड़ों का उपयोग किया गया, जिन्हें अज्ञात कारण से पार्किंसंन रोग हुआ था। ऐसे लोगों की तुलना उन लोगों से की गई, जो अन्य मस्तिष्क विकार स्थितियों जैसे अल्जाइमर रोग (19,046) या सेरेब्रोवास्कुलर रोग से ग्रसित (23,942) या इनमें से कोई भी नहीं (24,624) पाए गए थे। पार्किंसंन रोग से पीड़ित लोगों का उनके इस रोग का पता चलने से औसतन 6 साल पहले के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड में शामिल आंत रोग स्थितियों की आवृत्ति की तुलना करने के लिए उम्र, लिंग और अन्य विवरणों के आधार पर अन्य समूहों के लोगों के साथ मिलान किया गया था।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

अमेरिका के इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति के विरोध में उमड़ा इतना बड़ा जनसैलाब

# राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के खिलाफ 2700 स्थानों पर एकत्रित हो गई 70 लाख लोग की भीड़

अमेरिकी में नो किंग्स प्रोटेस्ट के दौरान सड़कें हो गईं जाम पांव रखना मुश्किल

अब और नहीं और हमें बदलाव चाहिए जैसे नारे लगाए गए

ट्रंप के खिलाफ लोगों में दिखा भारी गुस्सा

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका की सड़कों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ लाखों लोग सड़क पर उतर चुके हैं। यह अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन करने के लिए अमेरिकी की जनता सड़क पर मार्च कर रही है। इस दौरान अमेरिका के 2700 स्थानों पर 70 लाख से ज्यादा लोग ट्रंप की नीतियों, खासकर उनके ट्रांसजेंडर विरोधी बयान और अन्य विवादास्पद फैसलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ट्रंप के खिलाफ लोगों में भारी गुस्सा है। इस विशाल विरोध प्रदर्शन में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और नागरिक समूहों ने भाग लिया, जिसमें महिलाओं के अधिकारों के लिए कार्य करने वाले संगठनों से लेकर पर्यावरण कार्यकर्ता और ट्रंप प्रशासन की नीतियों के विरोधी शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप के शासनकाल की आलोचना करते हुए 'अब और नहीं' और 'हमें बदलाव चाहिए' जैसे नारे लगाए। इस विरोध प्रदर्शन का आह्वान ट्रंप के प्रशासन के खिलाफ बढ़ते असंतोष और उनके द्वारा उठाए गए निर्णयों के विरोध में किया गया था।



### ट्रांसजेंडरों के खिलाफ उठाए कदमों से घिरे ट्रंप

*यह विरोध प्रदर्शन ट्रंप की विभिन्न नीतियों के खिलाफ है। इसमें विशेष रूप से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों के खिलाफ उठाए गए उनके कदमों और उनके कार्यकाल के दौरान किए गए अन्य विवादास्पद कार्यों ने देशभर में गहरे विरोध को जन्म दे दिया है। शामिल मुद्दों में गर्भपात के अधिकारों पर प्रतिबंध, जलवायु परिवर्तन के खिलाफ की गई नीतियां, और सामाजिक असमानताओं में वृद्धि भी प्रमुख हैं।*

6 साल का टूटेगा रिकॉर्ड...

## कनाडा से जबरदस्ती निकाले जा रहे भारतीय

*ओटावा। कनाडा में भारतीय नागरिकों के लिए हालात लगातार मुश्किल होते जा रहे हैं। इमिग्रेशन सिस्टम में सुधार की आड़ में अब भारतीयों को जबरन डिपोर्ट किए जाने के मामले तेजी से बढ़े हैं। कनाडा की कनाडियन बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2024 में अब तक 1,891 भारतीयों को देश से निकाला जा चुका है, और यह संख्या साल खत्म होने से पहले ही 2024 के रिकॉर्ड को पार करने की कगार पर है। साल 2019 में जहां सिर्फ 625 भारतीय नागरिकों को कनाडा से निकाला गया था। वहीं अब यह आंकड़ा छह गुना से ज्यादा हो चुका है। इस साल जुलाई तक के आंकड़े बताते हैं कि भारत अब कनाडा से जबरन निकाले गए नागरिकों की सूची में दूसरे स्थान पर है, पहले नंबर पर हैं मैक्सिको। सीबीएसए के अनुसार, 28 जुलाई 24 तक 1,891 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। जबकि 2023 में यह संख्या 1,997 थी। यानी इस साल के अंत तक यह आंकड़ा आसानी से नया रिकॉर्ड बना सकता है। तुलना करें तो 2019 में सिर्फ 625 भारतीयों को निकाला गया था, जो अब बढ़कर तीन गुना से भी ज्यादा हो गया है।*

यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का लगभग 17 प्रतिशत

# भारत और यूरोपीय संघ के बीच होगी व्यापार वार्ता, गोयल इसी महीने करेंगे ब्रुसेल्स का दौरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत को गति देने के लिए इस महीने के अंत में ब्रुसेल्स का दौरा करेंगे। अधिकारी ने बताया कि मंत्री इस दौरान बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में भाग लेने के लिए यूरोप में रहेंगे। यह आयोजन 23 से 25 अक्टूबर के बीच होगा। इसके बाद, ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के साथ व्यापार वार्ता होगी। गोयल यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक से मुलाकात करेंगे। बता कि वैश्वक स्तर पर भारत एक दूसरे देशों के लिए एक बड़ा बाजार है जहां से हर एक देश व्यापार करना चाहता है।

गबर्लिन ग्लोबल डायलॉग का आयोजन 23 से 25 अक्टूबर के बीच होगा

### दिसंबर तक व्यापार वार्ता समाप्त करने का निर्णय

*वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय आयोग (ईसी) के व्यापार महानिदेशक (डीजी-ट्रेड) सबाइन वेयंड के साथ भी बातचीत की। दोनों पक्षों के बीच बातचीत बढ़ गई है क्योंकि उन्होंने दिसंबर तक वार्ता समाप्त करने का निर्णय लिया है।*

### गोयल न्यूजीलैंड के साथ करेंगे व्यापार वार्ता



*यूरोप की अपनी यात्रा के बाद, गोयल न्यूजीलैंड जाएंगे। दोनों देशों ने मार्च में एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू की थी और इस पर तीन दौर की वार्ता हो चुकी है। जून 2022 में, भारत और यूरोपीय संघ ने आठ वर्षों से अधिक के अंतराल के बाद एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए), एक निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतकों पर एक समझौते पर बातचीत फिर से शुरू की। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण यह बातचीत 2013 में रुक गई थी।*

### यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का 17%

*यूरोपीय संघ के साथ भारत का द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 2024-25 में 136.53 अरब डॉलर (75.85 अरब डॉलर का निर्यात और 60.68 अरब डॉलर का आयात) था। यह वस्तुओं के लिए सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया। यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का लगभग 17 प्रतिशत है, और भारत को यूरोपीय संघ का निर्यात उसके कुल विदेशी निर्यात का 9 प्रतिशत है।*

### यूरोपीय संघ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

- यूरोपीय संघ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसका 2024 में 120 बिलियन यूरो मूल्य का वस्तु व्यापार होगा, जो भारत के कुल व्यापार का 11.5% होगा।
- भारत यूरोपीय संघ का नौवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसका 2024 में यूरोपीय संघ के कुल वस्तु व्यापार में 2.4 प्रतिशत का योगदान होगा, जो अमेरिका (17.3 प्रतिशत), चीन (14.6%) या ब्रिटेन (10.1%) से काफी पीछे है।
- पिछले दशक में यूरोपीय संघ और भारत के बीच वस्तु व्यापार में लगभग 90% की वृद्धि हुई है। भारत से यूरोपीय संघ के आयात में मुख्यतः मशीनरी और उपकरण, रसायन, आधार धातुएं, खनिज उत्पाद और वस्त्र शामिल हैं।
- यूरोपीय संघ द्वारा भारत को किए जाने वाले मुख्य निर्यात में मशीनरी और उपकरण, परिवहन उपकरण और रसायन शामिल हैं। 2023 में सेवाओं का व्यापार यूरो 59.7 बिलियन तक पहुंच जाएगा (जिसमें यूरोपीय संघ का घाटा यूरो 7.9 बिलियन होगा)।
- भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में यूरोपीय संघ का हिस्सा 2023 में 140.1 अरब यूरो तक पहुंच गया, जो 2019 में 82.3 अरब यूरो था। इस तरह, यूरोपीय संघ भारत में एक प्रमुख विदेशी निवेशक बन गया।
- यूरोपीय संघ में भारत का एफडीआई हिस्सा 10.2 अरब यूरो था। भारत में लगभग 6,000 यूरोपीय कंपनियां मौजूद हैं।

## अब शांति चाहते हैं दोनों पाकिस्तान-अफगानिस्तान

**दोहा (एजेंसी)।** कतर के विदेश मंत्रालय ने आज तड़के ऐलान किया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान कतर के दोहा में आयोजित बातचीत के दौरान युद्धविराम पर सहमती बन गई है।

तुर्की की मध्यस्थता में हो रही इस बातचीत का मकसद एक हफ्ते से चल रहे भीषण सीमा संघर्ष को खत्म करना है। इस संघर्ष में दर्जनों लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए हैं। बता दें कियह चर्चा अफगानिस्तान और पाकिस्तान की लड़ाई में दर्जनों लोगों के मारे जाने के बाद हुई है, जो 2021 में काबुल में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से दोनों पड़ोसियों के बीच सबसे खराब टकराव है। अफगान अधिकारियों ने पुष्टि की कि रक्षा मंत्री मुल्ला मुहम्मद याकूब के नेतृत्व में काबुल प्रतिनिधिमंडल ने दोहा वार्ता में भाग लिया, जबकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने तालिबान प्रतिनिधियों के साथ चर्चा का नेतृत्व किया। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि बातचीत अफगानिस्तान से पाकिस्तान के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को खत्म करने और पाक-अफगान सीमा पर शांति और स्थिरता बहाल करने के तत्काल उपायों पर केंद्रित थी।

दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालय में फिर चोरी!

## नेपोलियन के शाही रत्न गायब, मच गया हड़कंप



**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस के लूव्र संग्रहालय में रविवार को चोरी की एक घटना हुई और इसे दिन भर के लिए बंद कर दिया गया है जबकि प्राधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। यह जानकारी फ्रांस की संस्कृति मंत्री रचिदा दाती ने दी। रचिदा ने एक्स पर लिखा, लूव्र संग्रहालय खुलने के समय चोरी की एक घटना हुई। लूव्र संग्रहालय की ओर से कहा गया कि यह (संग्रहालय) असाधारण कारणों से बंद रहेगा, हालांकि चोरी के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी गई। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दाती ने कहा कि वह घटनास्थल पर मौजूद हैं और जांच की जा रही है।फ्रांसीसी मीडिया के अनुसार, अपराधी दुनिया के सबसे अधिक देखे जाने वाले संग्रहालय और पूर्व महल में उस ओर से घुसे, जहां निर्माण कार्य हो रहा है। खबर में कहा गया है कि उन्होंने अपोलो गैलरी के लक्षित कमरे तक सीधे पहुंचने के लिए एक मालवाहक लिफ्ट का इस्तेमाल किया। खिड़कियां तोड़ने के बाद, अपराधियों ने कथित तौर पर नेपोलियन और महारानी के आभूषण संग्रह से नौ आभूषण चुरा लिये। लूव्र संग्रहालय में चोरी और डकैती के प्रयासों का एक लंबा इतिहास रहा है।





# गदर के बाद अब गबरू बनेंगे सनी देओल

**मुंबई।** रविवार 19 अक्टूबर को अभिनेता सनी देओल ने अपना 68वां जन्मदिन मनाया। इस खास अवसर पर अभिनेता की नई फिल्म की घोषणा हुई है, जिसके फर्स्ट लुक में सनी पाजी प्रभावी अंदाज में नजर आ रहे हैं। अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म का नाम 'गबरू' है। इस फिल्म को शशांक उदापुरकर ने लिखा और निर्देशित किया है। अभिनेता ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है। इसे साझा करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, 'शक्ति वो नहीं है जो आप दिखाते हैं, शक्ति वो है जो आप करते हैं! आप सभी के प्यार और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद।

लाइफ Style

# परिणीति

## छोटी दिवाली को किया बेबी बॉय का वेलकम

एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा के घर छोटी दिवाली के खास मौके एक बड़ी खुशखबरी सुनने को मिली है। इस कपल ने इस शुभ अवसर पर अपने घर में नन्हे कदमों का वेलकम किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

परिणीति चोपड़ा के पति राघव चड्ढा ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर इस खुशखबरी को बताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बेटे को जन्म देने की खबर दी है और साथ ही एक खूबसूरत कैप्शन लिखा है। इस गुड न्यूज को शेयर करते ही कपल के फैंस खुशी से झूम उठे हैं और कमेंट सेक्शन में बधाई की झड़ी लग गई है। एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और पॉलिटिशियन राघव चड्ढा काफी समय से अपने घर पर नन्हे मेहमान के आने का इंतजार कर रहे थे और दोनों इसके लिए तैयारियों में लगे हुए थे। वहीं, रविवार सुबह ही एक्ट्रेस को हॉस्पिटल में एडमिट करने की खबरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई, जिसके बाद से ही फैंस बेसब्री से खुशखबरी का इंतजार कर रहे थे। वहीं, राघव ने इंस्टाग्राम पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, 'आखिरकार वो आ गया! हमारा बेटा और सच में हमें पहले की अपनी जिंदगी याद नहीं रहती! बाहें पूरी, हमारे दिल और भी पूरे। पहले हमारे पास हम दोनों थे, अब हमारे पास सबकुछ है। बहुत ही आभार के साथ परिणिती और राघव।'' आपको बता दें परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने इस साल 25 अगस्त को अपनी प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज दी थी।



हॉलीवुड मसाला




# चेहरे पर नकाब पहने दिखीं किम

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन मॉडल और एक्ट्रेस किम कार्दशियन इस समय सुर्खियों में हैं। वजह है उनका अतंरगा आउटफिट। एक्ट्रेस लॉस एंजिल्स के एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स में आयोजित पांचवें वार्षिक एकेडमी म्यूजियम गाला समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान वो बोल्ड लुक में नजर आईं, लेकिन उन्होंने अपना चेहरा पूरी तरह से ढक रखा था। किम अपने अनोखे और अलबेले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। एक बार फिर से एक्ट्रेस ने अपने नाटकीय अंदाज से सबको चौंका दिया। उन्होंने बेज रंग का आउटफिट पहना था और उनका चेहरा पूरी तरह से ढका हुआ था।



# द कलेक्टर और डॉक्टर डूलिटिल से मिली प्रसिद्धि

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश अभिनेत्री सामंथा एगर, जिन्हें द कलेक्टर में ऑस्कर-नामांकित भूमिका और डॉक्टर डूलिटिल में उनके यादगार अभिनय के लिए जाना जाता था। उनका 86 वर्ष की आयु में लॉस एंजिल्स में निधन हो गया। उनकी बेटी, अभिनेत्री जेना स्टर्न ने अपनी मां के अंतिम क्षणों को याद करते हुए तस्वीरें शेयर करते हुए भावुक श्रद्धांजलि अर्पित की। सामंथा एगर का जन्म साल 1939 में हुआ था। अपनी दौर की वो सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक थीं। उनकी सबसे चर्चित फिल्म साल 1965 में आई, जिसका नाम था 'द कलेक्टर', जो मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म थी। इसमें उन्होंने टेरेंस स्टैम्प के साथ अभिनय किया था। मिरांडा ग्रे की उनकी दिलकश भूमिका के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए अकादमी पुरस्कार नामांकन, साथ ही गोल्डन ग्लोब और कान फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।



# किसिंग सीन पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची

**मुंबई।** मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'थामा' को सेंसर बोर्ड ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट दिया है, यानि बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी उम्र के लोग इस फिल्म का मजा थिएटर्स में जाकर ले सकेंगे। लेकिन, साथ ही साथ कई जगहों पर बदलाव भी किए गए हैं, जो हो सकता है कि कुछ सीन्स का मजा फीका या आधा कर दें। सीबीएफसी ने तीन जगह पर ऑडियो कट लगाया है और एक सीन बदलने को कहा है। इसके अलावा भी कई जगहों पर छोटे-बड़े बदलाव किए गए हैं। सेंसर बोर्ड ने फिल्म के एक सीन में खून पीने की आवाज को कम किए जाने को कहा है। इसके अलावा एक जगह पर 'अलेक्जेंडर' की जगह 'सिकंदर' शब्द इस्तेमाल करने को कहा। फिल्म में एक जगह पर 'अश्वत्थामा' शब्द का इस्तेमाल किया गया है, जिसे बोर्ड ने म्यूट करने को कहा है।



# ली जंग ने शेयर की शाहरुख संग सेल्फी

**मुंबई।** शाहरुख खान सऊदी अरब के रियाद में जॉय फोरम इवेंट शामिल हुए। इस इवेंट में सलमान, आमिर खान भी मौजूद थे। लेकिन, स्क्विड गेम सीरीज एक्टर ली जंग जे जब शाहरुख खान के साथ सेल्फी शेयर की तो फैंस की खुशी ठिकाना नहीं रहा। यूजर्स ने इस सेल्फी पर जमकर रिएक्शन दिए हैं। शनिवार रात 'स्क्विड गेम' सीरीज एक्टर ली जंग जे शाहरुख खान के साथ इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी शेयर की। इस सेल्फी के साथ एक कैप्शन लिखा, 'आइकन शाहरुख खान के साथ होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' सेल्फी में जी जंग और शाहरुख मुस्कुरा रहे हैं। फैंस को यह सेल्फी काफी पसंद आई है। यूजर्स ने जब शाहरुख खान और 'स्क्विड गेम' सीरीज एक्टर ली जंग की सेल्फी देखी तो इसे सदी का सबसे बड़ा कोलैब बताया।

टीवी मसाला

# बिग बॉस-19 में दिवाली बनी इमोशनल नाइट

**नई दिल्ली।** सलमान खान के शो 'बिग बॉस 19' में दिवाली के मौके पर कई धमाके देखने को मिलेंगे तो इमोशनल मोड़ भी आएगा। शनिवार को 'वीकेंड के वार' में सलमान खान ने फरहाना भट्ट और मालती चाहर सहित कई कंटेस्टेंट की क्लास लगाई। यह एपिसोड खास रहा क्योंकि रविवार वीकेंड के वार में प्रतिभागियों के परिवार वालों ने उनके लिए विशेष मैसेज भेजे हैं। इस एपिसोड में घरवालों के आंसू निकल रहे हैं, और इसका कारण सलमान की डांट नहीं, बल्कि परिवार वालों की तरफ से भेजे गए तोहफे और मैसेज हैं। शो का नया प्रोमो रिलीज हुआ है जिसमें फिल्म 'थामा'के लीड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी, रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना नजर आ रहे हैं। प्रोमो में आयुष्मान खुराना कहते हैं कि आपके लिए बिग बॉस ने एक मेला लगाया है, जिसमें कई तोहफे हैं और ये आपके घर से आए हैं। प्रोमो में शहबाज को रोते हुए दिखाया गया है, क्योंकि वे अपनी बहन शहनाज गिल को देखकर इमोशनल हो जाते हैं। शहनाज कहती हैं कि वे घर में बहुत अच्छा खेल रहे हैं और उन्हें स्क्रीन पर देखकर सभी लोग खुश हैं, लेकिन वहां से आने की जल्दी न करें, क्योंकि फिलहाल घरवाले उनको मिस नहीं कर रहे हैं। इसके बाद फरहाना की मां का मैसेज दिखाया जाता है जिसमें उनकी मां कहती हैं, 'बेटा, तुम अकेले ही बहुत अच्छा खेलती हो शेरनी हो तुम शेरनी, बस जीत के आना." मां का मैसेज सुनकर फरहाना फूट-फूट कर रोती हैं। शो का पूरा माहौल दीपावली पर इमोशनल हो जाता है।



# मल्लिका ने बढ़ाया शो 'पति पत्नी और पंगा' का पारा

**मुंबई।** मल्लिका शेरावत काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। हाल ही में वह शो 'पति पत्नी और पंगा'में नजर आईं। इस शो में उन्हें कुछ प्रतियोगियों के साथ फ्लर्ट करते देखा गया। यूजर्स ने मल्लिका के अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर मजेदार रिएक्शन दिए हैं। इन दिनों टीवी पर एक रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो में कई सेलिब्रिटी कपल शामिल हैं। हाल ही में बतौर गेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत भी इस शो का हिस्सा बनी हैं। मल्लिका के आने से 'पति पत्नी और पंगा' का पारा बढ़ गया। मल्लिका शेरावत ने जब शो में एंट्री ली तो कुछ पुरुष प्रतियोगी उनसे फ्लर्ट करते दिखे। जब मल्लिका ने स्वरा भास्कर के पति के गालों को खींचा तो अभिषेक कुमार नाराज हो गए। इस बात पर शो के होस्ट मुनव्वर फारूखी से शिकायत करते दिखे। जब अभिषेक कुमार शिकायत कर रहे थे तो मल्लिका उनके करीब आती हैं और उनके गालों को हाथ लगा देती हैं। इस पर अभिषेक शरमा जाते हैं। यूजर्स ने भी अभिषेक कुमार और मल्लिका शेरावत वाले वीडियो पर रिएक्शन दिए हैं।



# कपूर और पटौदी परिवार ने मनाई दिवाली सैफ-करीना और करिश्मा ने दिए पोज

मुंबई। त्योहारों के मौसम में कई बॉलीवुड सेलेब्स अपने-अपने तरीके से दिवाली मना रहे हैं। हाल ही में कई सितारे एक्टर रवि दुबे और सरगुन मेहता की दिवाली पार्टी में पहुंचे और अपने लुक से महफिल को रौशन किया। इसी तरह से अब बॉलीवुड के सबसे मशहूर परिवार कपूर और पटौदी परिवार ने दिवाली मनाई है।

***कपूर परिवार की दिवाली :*** सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट में देखा जा सकता है कि कपूर परिवार की महिलाओं ने दिवाली मनाई है। तस्वीर में नीतू कपूर ने नीली रंग की ड्रेस पहनी है। आलिया भट्ट ने गोल्डन साड़ी पहनी है। करीना कपूर हल्की फिरोजी ड्रेस में नजर आई हैं। वहीं, करिश्मा कपूर काले-सफेद ड्रेस में खूबसूरत लग रही हैं। एक दूसरी तस्वीर में करीना कपूर, नीतू कपूर के साथ पोज देते हुए पाउट बना रही हैं।



***पटौदी परिवार की दिवाली :*** वहीं,पटौदी परिवार की दिवाली मनाते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई हैं। एक तस्वीर में सैफ अली खान लाल और क्रीम कलर के धोती कुर्ता में नजर आ रहे हैं। एक तरफ लाल ड्रेस में उनकी बहन सोहा अली खान हैं तो दूसरी तरफ करीना कपूर पोज दे रही हैं। इस तस्वीर में कुणाल खेमू भी नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में सैफ अली खान सोहा अली खान के साथ पोज दे रहे हैं। दोनों पोस्ट को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं। ज्यादातर यूजर्स ने सेलेब्स को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। कई यूजर्स ने दिल वाला इमोजी कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है 'बॉलीवुड का शाही परिवार।'

***कपूर और पटौदी परिवार में नए सदस्य :*** आपको बता दें कि आलिया भट्ट की शादी कपूर परिवार में रणबीर कपूर के साथ हो गई है, इसलिए वह कपूर परिवार का हिस्सा बन गई हैं। इसी तरह से करीना कपूर की शादी पटौदी परिवार में सैफ अली खान के साथ हुई है, इसलिए वह अब पटौदी परिवार का हिस्सा हैं।

# निखिल की दिवाली पार्टी में पहुंचीं नरगिस जेनेलिया ने रितेश संग बढ़ाई रौनक

मुंबई। इन दिनों बॉलीवुड में कई दिवाली पार्टी चल रही हैं। हाल ही में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में कई फिल्मी सितारे नजर आए। शनिवार रात फिल्ममेकर निखिल आडवाणी ने भी दिवाली पार्टी दी, इसमें रितेश, जेनेलिया और नरगिस फाखरी के अलावा कई एक्टर्स पहुंचे। निखिल आडवाणी की दिवाली पार्टी में सबसे पहले नरगिस फाखरी को देखा गया। वह ऑरेंज कलर के लहंगे में पार्टी में शामिल हुईं। पैपराजी को नरगिस ने हैप्पी दिवाली कहा। साथ ही फोटो पोज भी आराम से दिए। जेनेलिया डिसूजा ने भी दिवाली पार्टी में पति रितेश देशमुख के साथ शिरकत की है। वह सुंदर सूट-सलवार में पार्टी में आईं। रितेश ने पार्टी में एंट्री लेते वक्त जेनेलिया का हाथ थामा हुआ था। दोनों अक्सर ही फैंस के लिए क्यूट कपल गोल सेट करते हैं।



## दिवाली पर सेलेब्स 'वोकल फॉर लोकल' कैंपेन को प्रमोट करते दिखे

# माधुरी को अपनी दुकान पर देख चौंकी दुकानदार, तृप्ति ने लोकल शॉप से लिए जूते


***मुंबई। दिवाली पर आम लोग लोकल दुकानों से शॉपिंग करते हैं, लेकिन कुछ बॉलीवुड सेलेब्स को भी ऐसा करते देखा गया। अपनी दुकान पर माधुरी दीक्षित से लेकर तृप्ति डिमरी तक को देखकर दुकानदार हैरान हो गए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल है। इस पहल के जरिए सेलेब्स 'वोकल फॉर लोकल' कैंपेन को प्रमोट करते दिखे, यह भारत सरकार की दिवाली पर एक खास पहल है।***




**तृप्ति डिमरी :** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया, इसमें वह एक लोकल दुकान से जूते खरीदती दिखीं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो के साथ एक कैप्शन भी लिखा है। वह लिखती हैं, 'उन लोगों से खरीदारी करने में कुछ खास बात होती है जो आपका नाम, आपकी पसंद और आपके मूड को जानते हैं। इस दिवाली, मैं लोकल चुन रही हूं क्योंकि हर छोटी दुकान का दिल बड़ा होता है।'

**रुपाली गांगुली :** तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित के अलावा अभिनेत्री रुपाली गांगुली ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह एक साड़ी की दुकान पर पहुंचीं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'एक त्योहार के मौसम से दूसरे त्योहार के मौसम तक, हमारी स्थानीय दुकानें दिवाली को बेहतर बनाने में कभी असफल नहीं होतीं। इस बार खरीदेंगे वहीं से, अपनों से। चलो उत्सव मनाते हैं। चलो स्थनीय दुकानों से खरीदारी करते हैं।'





**सुनील ग्रोवर :** अभिनेता सुनील ग्रोवर एक गिफ्ट शॉप पर पहुंचे हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, 'दिवाली पर सब कुछ नया लेना जरूरी नहीं, बस अपने लोगों से लेना जरूरी है। लोकल दुकानों से शॉपिंग कीजिए। लोकल दुकानों को सेलिब्रेट कीजिए।'



**माधुरी दीक्षित :** माधुरी दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह एक लोकल दुकानदार के साथ सेल्फी लेती हैं। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है, 'दिवाली की रोशनी तभी पूरी लगती है, जब खुशी अपनों के साथ बांटी जाती है। चलो अपनी लोकल दुकान, अपने लोगों का समर्थन करें और एकता के प्रकाश को फैलाएं।'

**शंकर महादेवन :** गायक शंकर महादेवन एक मिठाई की दुकान पर पहुंचे हैं। उन्होंने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, 'मिठाई की मिठास बढ़ जाती है, जब वह अपने शहर की लोकल दुकान से आती है। इस दिवाली वोकल फॉर लोकल के साथ अपनी खुशियों का सुर बनाएं।



# 17 साल बाद भारत की झोली में आया मेडल, तन्वी का रजत पदक के साथ सफर समाप्त

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा का बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने का सपना रविवार को महिला एकल फाइनल में थाईलैंड की अन्यापत फिचितप्रीचासक से सीधे गेम में हारकर टूट गया। यह 16 वर्षीय खिलाड़ी साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के नक्शेकदम पर चलते हुए टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली केवल तीसरी भारतीय महिला शटलर बनी।

फाइनल में हालांकि वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई और उन्हें दूसरी वरीयता प्राप्त थाई खिलाड़ी से 7-15, 12-15 से हार का सामना करना पड़ा। इस प्रकार तन्वी ने रजत पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया, जो 17 वर्षों में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक है। साइना (2008 में स्वर्ण और 2006 में रजत) और अपर्णा (1996 में रजत) इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली अन्य भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

**विश्व जूनियर चैंपियनशिप में तन्वी से पहले साइना और अपर्णा जीत चुकी हैं मेडल**

**थाईलैंड की खिलाड़ी अन्यापत ने तन्वी को हराया**





### नेट पर आने के लिए किया मजबूर

थाई खिलाड़ी ने हालांकि तन्वी को बार-बार नेट पर आने के लिए मजबूर किया, जिससे उनकी गलतियां बढ़ गई। थाईलैंड की खिलाड़ी ने जल्द ही स्कोर 8-8 से बराबर कर दिया। थाईलैंड की खिलाड़ी इसके बाद अधिक आत्मविश्वास के साथ खेली। उन्होंने जल्द ही बढ़त हासिल की और इसे आखिर तक बरकरार रखकर मैच अपने नाम किया।

### फाइनल में मुकाबला रहा कड़ा

*फाइनल में मुकाबला शुरू से ही कड़ा रहा क्योंकि दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे की गलतियों के कारण 2-2 से 4-4 तक बराबरी पर आ गए। थाई खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद भारतीय खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाकर 10-5 की बढ़त बना ली और फिर इसके बाद आसानी से पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में तन्वी ने कुछ सटीक डीप रिटर्न के साथ 6-1 की बढ़त बना ली। लेकिन फिर से उन्होंने गलतियां की, जिसका फायदा उठाकर थाई खिलाड़ी ने अंतर को 5-7 तक कम कर दिया।फिचितप्रीचासक का अगला शॉट चूक गया, जिससे तन्वी को मध्यांतर तक 8-5 की मामूली बढ़त मिल गई।*

## खबर संक्षेप



### इंडिया चैंपियनशिप के विजेता बने फ्लीटवुड

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टॉमी फ्लीटवुड ने धैर्य और एकाग्रता की मिसाल पेश करते हुए सात अंडर 65 के शानदार कार्ड के साथ जापान के कीता नाकाजिमा (तीन अंडर 72) को दो स्ट्रोक से पछाड़कर 'डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप' गोल्फ का खिताब जीत लिया। फ्लीटवुड तीसरे दौर के बाद दो शॉट से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी दौर के लिए बचा के रखा। था। उन्होंने दबाव में संयम दिखाते हुए कुल 266 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। यह डीपी वर्ल्ड टूर पर फ्लीटवुड का आठवां खिताब है। यह भारत में उनकी पहली जीत है। दिन के खेल से पहले तालिका में शीर्ष पर रहे नाकाजिमा 20 अंडर 268 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

### खुशी ने एशियाई युवा खेलों में भारत का पदक खाता खोला

**मनामा (बहरीन)।** भारत की 15 वर्षीय खुशी ने रविवार को महिलाओं की 70 किलोग्राम कुराश स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर एशियाई युवा खेलों में देश का पदक खाता खोला। दिलचस्प बात यह है कि प्रतियोगिता में एक भी मुकाबला जीते बिना ही उन्हें पदक मिल गया। छह खिलाड़ियों के मुकाबलों में उन्हें क्वार्टर फाइनल में बाई मिली और सेमीफाइनल में वह उज्बेकिस्तान की डी. तुर्सुनोवा से हार गईं। युवा खेलों में कांस्य पदक के लिए कोई प्ले-ऑफ नहीं होने के कारण खुशी ने पोडियम स्थान भी हासिल किया।

**भारत ने संघर्ष करते हुए बनाए 9 विकेट पर 136 रन**

### ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट से जीता 26-26 ओवर का पहला वनडे

# भारत का वनडे में लगातार 8 मैच जीतने का सिलसिला टूटा, विराट-रोहित ने किया मायूस

एजेंसी ⏭ पर्थ

विराट कोहली और रोहित शर्मा की लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कुल मिलाकर सिर्फ 22 गेंदों तक चली और उनके फीके प्रदर्शन का असर मैच के परिणाम पर भी दिखा, जहां ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को बारिश से प्रभावित मुकाबले में भारत पर 29 गेंद शेष रहते सात विकेट की आसान जीत दर्ज की। भारतीय पारी के दौरान लगातार बारिश की वजह से मुकाबला 26-26 ओवर का कर दिया गया था। भारत ने संघर्ष करते हुए 9 विकेट पर 136 रन बनाए लेकिन ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से जीत के लिए 131 रन का लक्ष्य मिला। टीम ने 21.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### कप्तान मार्श 46 रन बनाकर रहे नाबाद

लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड (आठ) ने शुरुआत में ही अर्शदीप सिंह की गेंद पर डीप थर्ड मैन पर हर्षित राणा को कैच थमा दिया। इसके बाद क्रीज पर आए मैथ्यू शॉर्ट (आठ) भी बिना कोई खास योगदान दिए पवेलियन लौट गए। कप्तान मिशेल मार्श (नाबाद 46 रन, 52 गेंद) ने जोश फिलिप (37 रन, 29 गेंद) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की आक्रामक अहम साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बनाए रखा। अर्शदीप, मोहम्मद सिराज और हर्षित राणा की भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकड़ी ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों जैसा नियंत्रण नहीं दिखा पाई। इन गेंदबाजों ने मेजबान टीम को आसानी से रन बनाने के मौके दिए।

### भारतीय टीम लय हासिल करने में नाकाम

भारतीय टीम अपनी पारी की शुरुआत से ही किसी तरह की लय हासिल करने में नाकाम रही। बारिश के कारण कई बार खेल रुकने से स्थिति और मुश्किल हो गयी। लोकेश राहुल (30 गेंद में 38 रन) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज सहज नहीं दिखा। ऑस्ट्रेलिया ने बादलों की आंख-मिचौली के बीच तेज गेंदबाजों की मददगार ऑप्टस स्टेडियम में पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो सही साबित हुआ।

*ऑस्ट्रेलिया की जीत के साथ ही भारत का वनडे में लगातार आठ मैच जीतने का सिलसिला टूट गया। इस साल यह पहली बार है जब भारत को वनडे में हार का सामना करना पड़ा है। गिल को वनडे कप्तान के तौर पर अपने पहले ही मैच में हार मिली।*

### 550 मैच खेलने वाले 5वें भारतीय बने रोहित

*रोहित अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 मैच खेलने वाले विश्व के कुल 11वें खिलाड़ी बने हैं। भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो वह इस आंकड़े को छूने वाले 5वें खिलाड़ी बने हैं। भारतीय खिलाड़ियों में रोहित केवल सचिन तेंदुलकर (664), कोहली (551), महेंद्र सिंह धोनी (535) और राहुल द्रविड़ (504) से पीछे हैं। बता दें कि रोहित ने 2007 में अपने करियर की शुरुआत की थी।*



### ऑस्ट्रेलिया में पहली बार शून्य पर आउट हुए कोहली

नंबर-3 पर बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर उतरे कोहली अपना खाता खोलने के लिए भी संघर्ष करते हुए नजर आए। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की बाहर की गेंद पर ड्राइव लगाने के प्रयास में पॉइंट में कैच दे बैठे। युवा कूपर कोनोली ने बाएं छोर पर डाइव लगाते हुए कोहली का बेहतरीन कैच पकड़ा। वनडे में कोहली ऑस्ट्रेलिया में 1,327 रन बनाने के बाद पहली बार शून्य पर आउट हुए हैं।

### मिचेल स्टार्क ने फेंकी 171.5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद

भारत के खिलाफ मैच में पहला ओवर मिचेल स्टार्क ने फेंका और ओवर की पहली गेंद रोहित शर्मा ने खेली, जिस पर उन्होंने एक रन बनाया। लेकिन इस पहली गेंद ने स्टार्क को सुर्खियों में ला दिया, क्योंकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई लोगों ने दावा किया कि स्टार्क ने पहली गेंद 171.5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी है। लेकिन ये दावा गलत है तकनीकी खराबी की वजह से ऐसा दिखाया गया था। दरअसल स्टार्क ने पहली गेंद 140.8**kph** की रफ्तार से फेंकी थी, जिसकी पुष्टि क्रिकबज ने भी की है।

*जोरदार तालियों से हुआ कोहली का स्वागत : कोहली का स्वागत स्टेडियम में और भी जोरदार तालियों से हुआ, लेकिन वह एक बार फिर अपनी पुरानी कमजोरी का शिकार बने। स्टार्क की बाहर निकलती गेंद पर ड्राइव लगाने की कोशिश में गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर बैकवर्ड प्वाइंट की दिशा में गई और कूपर कोनोली ने शानदार कैच पकड़ उनकी आठ गेंद की पारी को खत्म किया। कोहली पहली बार ऑस्ट्रेलिया में खाता खोले बगैर पवेलियन लौटे।*

*अक्षर और राहुल ने की 39 रन की साझेदारी : अक्षर पटेल (31) और राहुल ने पांचवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी करने की कोशिश की लेकिन मैथ्यू कुहनेमैन ने अक्षर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया।*

### स्कोर बोर्ड

| भारत स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का रेनशॉ बो हेजलवुड | 08 | 14 | 0 | 1 |
| गिल का फिलिप्स बो एलिस | 10 | 18 | 2 | 0 |
| कोहली का कोनोली बो स्टार्क | 00 | 8 | 0 | 0 |
| अय्यर का फिलिप्स बो हेजलवुड | 11 | 24 | 1 | 0 |
| पटेल का रेनशॉ बओ कुहनेमैन | 31 | 38 | 3 | 0 |
| राहुल का रेनशॉ बो ओवेन | 38 | 31 | 2 | 2 |
| सुंदर बो कुहनेमैन | 10 | 10 | 1 | 0 |
| रेड्डी नाबाद | 19 | 11 | 0 | 2 |
| राणा का फिलिप्स बो ओवेन | 01 | 2 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 00 | 0 | 0 | 0 |
| सिराज नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त 08**

**कुल योग: 26 ओवर में 9विकेट पर 136 रन**

**गेंदबाजी:** स्टार्क 6-1-22-1, हेजलवुड 7-2-20-2, एलिस 5-1-29-1, ओवेन 3-0-20-2, कुहनेमैन 4-0-26-2, शॉर्ट 1-0-17-0.

| ऑस्ट्रेलिया स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श नाबाद | 46 | 52 | 2 | 3 |
| हेड का राणा बो अर्शदीप | 08 | 5 | 2 | 0 |
| शॉर्ट का रोहित बो अक्षर | 08 | 17 | 1 | 0 |
| फिलिप का अर्शदीप बो वाशिंगटन | 37 | 29 | 3 | 2 |
| मैट रेनशॉ नाबाद | 21 | 24 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त: 11**

**कुल योग: 21.1 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन**

**गेंदबाजी:** सिराज 4-1-21-0, अर्शदीप 5-0-31-1, राणा 4-0-27-0, अक्षर 4-0-19-1, रेड्डी 2.1-0-16-0, वाशिंगटन 2-0-14-1.

### रोहित की पारी 14 गेंद तक ही चली

रोहित शर्मा (आठ रन) नए कप्तान शुभमन गिल के साथ क्रीज पर आए तो स्टेडियम में मौजूद दर्शकों जोरदार स्वागत किया, लेकिन उनकी पारी सिर्फ 14 गेंद ही चली। रोहित ने मिशेल स्टार्क के खिलाफ एक शानदार स्ट्रेट ड्राइव खेल अपने सुनहरे दिनों की झलक दिखाई लेकिन उनकी पारी में यह आत्मविश्वास से जड़ा गया इकलौता शॉट साबित हुआ। वह जोश हेजलवुड की अतिरिक्त उछाल वाली गेंद से सामंजस्य बिठाने में नाकाम रहे और गेंद उनके बल्ले को छूती हुई दूसरी स्लिप में रेनशॉ के हाथों में चली गई।

## मैच में किया प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन : कप्तान गिल



एजेंसी ⏭ पर्थ

कप्तान शुभमन गिल ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में शुरुआती तीन झटकों के बाद वापसी करना उनकी टीम के लिए आसान नहीं था लेकिन उन्होंने मैच में प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन किया। भारत ने पावरप्ले के ओवरों में सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और गिल के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के विकेट गंवाए, जिससे मेहमान टीम कभी उबर नहीं पाई और बारिश से बाधित मैच में सात विकेट से हार गई। गिल ने मैच के बाद कहा, 'जब आप पावरप्ले में तीन विकेट गंवाते हैं तो यह कभी भी आसान नहीं होता। आप हमेशा वापसी करने की कोशिश करते हैं। इस मैच से बहुत कुछ सीखने को मिला।' कोहली (शून्य) और शर्मा (आठ) की वापसी केवल 22 गेंद तक ही रही, जिससे भारत का स्कोर नौवें ओवर में तीन विकेट पर 25 रन हो गया। लेकिन गिल ने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया को आसानी से जीत दर्ज नहीं करने दी। गिल ने कहा, '26 ओवरों में 130 रन का बचाव करते हुए हम मैच को काफी गहराई तक ले गए इसलिए हम इससे संतुष्ट हैं।' उन्होंने कहा कि स्टेडियमों में प्रशंसकों की भारी भीड़ टीम को सीमित ओवरों के दौरे पर प्रेरित करेगी। गिल ने कहा, 'हम भाग्यशाली हैं कि हम जहां भी खेलते हैं, प्रशंसक भारी संख्या में आते हैं। उम्मीद है कि वे एडिलेड में भी हमारा उत्साहवर्धन करेंगे।'

### भारत मजबूत वापसी करेगा: कुहनेमन

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को बारिश से बाधित पहले वनडे में की सात विकेट से जीत दर्ज लेकिन स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन का मानना है कि दौरे के पहले मैच में हार के बाद भारत जोरदार वापसी करेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या यह एक बाहरी मैच जैसा लगा और क्या ऑस्ट्रेलिया ने दर्शकों को शांत कर दिया तो कुहनेमन ने कहा, 'हां, खासकर जब आप ऐसी टीम के खिलाफ खेलते हैं, जिसके सभी बल्लेबाज विश्व स्तरीय और खेल के दिग्गज हैं। इसलिए शुरुआत में विकेट लेना बहुत बड़ा अंतर पैदा करता है। हालांकि कुहनेमन ने श्रृंखला के पहले मैच में मिली करारी हार के बाद भारत की जोरदार वापसी का समर्थन किया।

## लेयला ने जीता अपने कॅरियर का पांचवां खिताब



एजेंसी ⏭ ओसाका

लेयला फर्नांडीज ने डब्ल्यूटीए जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में 18 वर्षीय क्वालीफायर टेरेजा वैलेंटोवा को 6-0, 5-7, 6-3 से हराकर अपने करियर का पांचवां खिताब जीता। अपने करियर के आठवें फाइनल में खेलते हुए फर्नांडीज ने पहला सेट 29 मिनट में जीत लिया। वैलेंटोवा ने दूसरे सेट के 12वें गेम में फर्नांडीज की सर्विस तोड़कर मैच को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक सेट में 27वीं रैंकिंग की खिलाड़ी फर्नांडीज ने चौथे गेम में महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट हासिल किया और चेक गणराज्य की खिलाड़ी की चुनौती से पार पाकर जुलाई में डब्ल्यूटीए 500 डीसी ओपन जीतने के बाद सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता।

## आस्ट्रेलिया के आक्रामक माहौल ने ली परीक्षा : विराट कोहली


एजेंसी ⏭ पर्थ



विराट कोहली ने स्वीकार किया कि आस्ट्रेलिया में क्रिकेट को लेकर आक्रामक माहौल ने उनकी क्षमता की परीक्षा ली लेकिन उनका मानना है कि इस माहौल में डटे रहकर साहसिक क्रिकेट खेलने से उन्हें मानसिक रूप से मजबूत क्रिकेटर बनने में मदद मिली और इससे उनके करियर को नई दिशा मिली।

कोहली ने पहली बार 2011 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था और उन्हें ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों से आक्रामक स्वागत का सामना करना पड़ा था, लेकिन उनका मानना है कि यह आक्रामकता धीरे-धीरे सम्मान में बदल गई। कोहली ने कहा, 'बचपन में जब हम सुबह जल्दी उठकर ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट देखते थे तो मैं खुद को उनके सामने रखकर सोचता था कि अगर मैं इन परिस्थितियों में और इस विरोधी टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर पाया तो एक क्रिकेटर के तौर पर मुझे इस पर गर्व होगा। दोनों टीमों के महान खिलाड़ियों को खेलते देखना मेरे लिए प्रेरणास्रोत रहा। सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, यहां तक कि वीरेंद्र सहवाग जैसे खिलाड़ी, जिनसे मैं सचमुच प्रभावित रहा हूं।

## एमएलएस में मेस्सी ने मारी दूसरी हैट्रिक, इंटर मियामी जीता ...



*नैशविले। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में अपने करियर की दूसरी हैट्रिक बनाई, जिससे इंटर मियामी ने नैशविले एससी पर 5-2 से जीत हासिल की। मेस्सी एमएलएस के वर्तमान सत्र में अभी तक 29 गोल कर चुके हैं और वह इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। पिछली बार उन्होंने इंटर मियामी की न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन पर 6-2 की जीत में हैट्रिक बनाई थी।*

### भारत की लगातार तीसरी हार, हीथर नाइट ने सेंचुरी लगाई

# भारत चार रन से हारा, इंग्लैंड महिला विश्व कप के सेफा में

भाषा ⏭ इंदौर



भारतीय महिला टीम को स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा के अर्धशतकों के बावजूद रविवार को यहां आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में इंग्लैंड से चार रन से हार का सामना करना पड़ा। यह भारतीय टीम की लगातार तीसरी हार थी जबकि इंग्लैंड ने इस जीत से सेमीफाइनल में जगह पक्की की। इंग्लैंड इस तरह सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के साथ शामिल हो गया। वहीं भारत की यह दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से पराजय के बाद लगातार तीसरी हार थी। इससे भारत अब करो या मरो की स्थिति में पहुंच गया है और उसे अंतिम सेमीफाइनल स्थान हासिल करने के बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। बृहस्पतिवार को भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। भरोसेमंद बल्लेबाज नाइट के शतक और एमी जोन्स (56 रन) की अर्धशतकीय पारी के बाद इंग्लैंड की टीम शानदार शुरूआत के बावजूद आठ विकेट पर 288 रन ही बना सकी। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए मंधाना (88 रन), हरमनप्रीत (70 रन) और दीप्ति (50 रन) का अर्धशतक भी काम नहीं आ सका। टीम 50 ओवर में छह विकेट पर 284 रन बनाकर हार गई।

### पहली जीत की तलाश में श्रीलंका, आज बांग्लादेश से भिड़ंत

**नवी मुंबई।** श्रीलंका की टीम महिला वनडे विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है और सोमवार को जब उसका सामना बांग्लादेश से होगा तो उसका लक्ष्य टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना होगा। बांग्लादेश की तरह श्रीलंका के खाते में भी दो अंक हैं, लेकिन दोनों ही अंक उसे बारिश के कारण रद्द हुए मैचों में मिले हैं। श्रीलंका को अभी तक पांच मैच में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है और वह आठ टीमों की प्रतियोगिता में सातवें स्थान पर है। बांग्लादेश ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है। उसने पाकिस्तान को हराकर अपना खाता खोला था लेकिन दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड जैसी मजबूत टीमों को कड़ी चुनौती देने के बावजूद उसे हार का सामना करना पड़ा था। श्रीलंका और बांग्लादेश दोनों की ही सेमीफाइनल में पहुंचने की राह बेहद मुश्किल हो गई है। उन्हें अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए न सिर्फ अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने होंगे बल्कि अन्य मैच के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने के लिए प्रार्थना करनी होगी। इसी तरह बांग्लादेश को श्रीलंका और भारत के खिलाफ अपने शेष दो मैच जीतने होंगे। यही नहीं उसे इंग्लैंड की भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के लिए दुआ भी करनी होगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




डाउन पेमेंट ₹1999^ से शुरू

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक

HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs

कॉर्पोरेट ऑफ़र्स ₹2 200# तक

SCAN TO KNOW MORE
ASK FOR XTEC

68kmpl
बेस्ट-इन-क्लास माइलेज$

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक | सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*

Additional offers on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. $Mileage of Hero Super Splendor Xtec as per internal testing conditions. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Haryana.

TOLL FREE
1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal: Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa: Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh: Sunil Hero - 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero - 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak: Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: KhannaHero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.

TU1Jgtq132147